



देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

# जन जन जागरण

जनहित का सजग प्रहरी



Web Site: www.janjanjagran.com | भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित | भोपाल, गुरूवार 13 मार्च 2025 | वर्ष-31 अंक-211 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए




## ब्रीफ न्यूज

### संभल की जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई होगी

**प्रयागराज।** संभल की जामा मस्जिद में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रंगाई-पुताई की मंजूरी दे दी है। कोर्ट ने कहा- मस्जिद कमेटी मस्जिद की बाहरी दीवारों में ही रंगाई-पुताई करवा सकती है। रमजान के दौरान मस्जिद में लाइटिंग भी करवा सकती है, लेकिन इस दौरान ढांचे को किसी भी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने बुधवार को यह आदेश सुनाया। 25 फरवरी को जामा मस्जिद कमेटी के वकील जाहिर असगर ने मस्जिद की रंगाई-पुताई के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। कहा था- हम लोग हर साल रमजान से पहले मस्जिद की रंगाई-पुताई करते हैं, लेकिन इस बार प्रशासन अनुमति नहीं दे रहा है। हिंदू पक्ष रंगाई-पुताई का विरोध कर रहा था। उनका कहना था- रंगाई-पुताई से मंदिर के साक्ष्य मिटाए जा सकते हैं, इसलिए परमिशन न दी जाए।

### सीमा पर फायरिंग, एक जवान घायल

**श्रीनगर।** जम्मू में राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में सीमा पार से हुई गोलीबारी में सेना का एक जवान घायल हो गया। जवान की पहचान मन कुमार बेगा के रूप में हुई है। वह गोरखा रेजीमेंट का है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि बॉर्डर पार से स्नाइपर अटैक हुआ है। एलओसी पर ब्लास्ट भी हुआ, जिसके बाद तीन राउंड फायरिंग हुई। फिलहाल सेना ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। पिछले 20 दिनों में एलओसी पर फायरिंग की ये पहली घटना है। दरअसल 21 फरवरी को भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच फ्लैग मीटिंग हुई थी। यह मीटिंग पुंछ सेक्टर के चाका दा बाग में आयोजित की गई थी। जिसमें दोनों सेनाओं के ब्रिगेडियर रैंक के अधिकारी शामिल हुए थे।

### यूनिवर्सिटी के खाने में मिला ब्लेड

**हैदराबाद।** हैदराबाद के उस्मानिया यूनिवर्सिटी के न्यू गोदावरी हॉस्टल के खाने में रेजर ब्लेड मिला। घटना मंगलवार रात की है। ब्लेड मिलने के बाद गुस्साए छात्र सब्जी का बर्तन और प्लेट लेकर यूनिवर्सिटी के मेन गेट पर विरोध प्रदर्शन करने लगे। छात्रों ने प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए और कहा कि यूनिवर्सिटी उनके जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है। साथ ही कुलपति प्रो. एम. कुमार और चीफ वार्डन सहित विश्वविद्यालय प्राधिकारियों से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की। छात्रों के अनुसार, खाने में पहले भी कई बार कीड़े और कांच के टुकड़े मिल चुके हैं। दो दिन पहले गोभी की सब्जी में कीड़े पाए गए थे। शिकायत करने के बाद भी इसे लेकर कोई ठोस कदम नही उठाया जा रहा है।

### दिल्ली में कई बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने साउथ ईस्ट और साउथ दिल्ली से एक ऑपरेशन के दौरान 12 से ज्यादा बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। ये बांग्लादेशी अवैध तरीके से भारत में घुसे थे। इनके पास से कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है। दिल्ली पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस के दक्षिणी जिले में 13 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है, जो अवैध तरीके से भारत में रह रहे थे। इन सभी को दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि दिल्ली में अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन जारी है। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान इन बांग्लादेशियों के पास से कई अवैध कागजात भी बरामद किए हैं।

### नाले का पानी पीने से 6 बच्चे बीमार

**बड़वानी।** बड़वानी जिले के पानसेमल तहसील के ग्राम मनकुई में 6 बच्चे बीमार हो गए हैं। मापती फलिया के इन बच्चों को पानसेमल अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीमार बच्चों में शंकर (8), सुमन (6), मंगिता (8), आशा (6), प्रियंका (6) और अरुण (7) शामिल हैं। सोमवार रात 8 बजे बच्चों की तबीयत बिगड़ी। गाड़ी नहीं मिलने के कारण उन्हें रात में अस्पताल नहीं ले जाया जा सका।

-वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने पेश किया वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट... कोई नया कर नहीं, 3 लाख नौकरियां मिलेंगी...

# एक लाख किमी सड़क बनाने का लक्ष्य, डिजिटल यूनिवर्सिटी, राष्ट्रीय रक्षा विवि खुलेंगे

### न नया टैक्स, न योजना में कटौती

### लाडली बहनों को केंद्र की तीन योजनाओं से जोड़ेंगे, वर्तमान के साथ भविष्य भी सुरक्षित

### 11 नए आयुर्वेद कॉलेज बनाने की घोषणा, सीएम केयर योजना से मरीजों को मिलेगी राहत

### कृष्ण पाथेर योजना पर खर्च होंगे दस करोड़, गुजरात व राजस्थान सरकार भी करेगी मदद





**भोपाल।** वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। जो 78 हजार 902 करोड़ घाटे का बजट है। वहीं प्रदेश के करदाताओं को भी बड़ी राहत मिली है। बजट में कोई भी नया कर नहीं लगाया गया और न ही किसी भी कर की दर बढ़ाना प्रस्तावित किया गया है। मप्र में यह अब तक का सबसे बड़ा बजट है। इस बजट में जनता पर कोई भार नहीं डाला गया है। वहीं लगभग हर योजना के लिए भरपूर बजट दिया गया है जिससे विकास का रफ्तार मिलेगी।

2025-26 का वर्ष सरकार उद्योग और रोजगार वर्ष के रूप में मनाएगी। प्रदेश में 14 हजार 500 एकड़ भूमि पर 39 नए औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित किया जा रहा है। इन उद्योगों के जरिए तीन लाख से अधिक रोजगार के अवसर बनेंगे। सरकार ने स्टार्टअप नीति 2025 लागू की, जिससे 10 हजार स्टार्टअप स्थापित होने की संभावना है। प्रदेश की लाडली बहनों को अटल पेंशन योजना से जोड़ने की घोषणा की गई है। इसके अलावा लाडली बहना योजना के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना और अटल पेंशन योजना से भी जोड़ा गया है। 1.27 करोड़ लाडली बहनों के लिए 18 हजार 669 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

#### गरीबों को योजनाओं का पैकेज देगी सरकार

बजट में मुख्यमंत्री समृद्ध परिवार योजना की घोषणा की गई। इसके तहत गरीबी रेखा के नीचे जीवन जीने वाले परिवारों को एक-दो योजनाओं की जगह, उनकी पात्रता अनुसार योजनाओं का पैकेज दिया जाएगा। बजट में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए चार हजार 66 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के लिए मुख्यमंत्री समग्र परिवार योजना शुरू करने का ऐलान। वित्त मंत्री देवड़ा ने एलान किया कि अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याणकारी योजनाएं पहुंचाएंगे। प्रत्येक जिले में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन होगा। ये समिति जिले की विकास योजना का रोड मैप तैयार करेगी। इसमें सलाहकार शामिल किए जाएंगे। जनजाति छात्रों के लिए आकंक्षा योजना के लिए 20 करोड़ 52 लाख का प्रस्ताव है।

#### प्रदेश की रफ्तार बढ़ाने का लक्ष्य

सड़कों और पुलों के निर्माण एवं संधारण के लिए वर्ष 2025-26 में 16 हजार 436 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है, जो वर्ष 2024-25 से 34 प्रतिशत अधिक है। बजट में नई योजना का ऐलान किया गया है, क्षतिग्रस्त पुलों का पुनर्निर्माण योजना बनाई है। इस योजना के लिए 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना प्रारंभ की जा रही है, इसके लिए इस बजट में 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। बजट में बताया गया कि अगले पांच सालों में एक लाख किलोमीटर सड़कें बनाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं पांच सालों में 500 रेलवे ओवरब्रिज, फ्लाईओवर बनाए जाएंगे। इस साल 3500 किलोमीटर नवीन सड़कें और 70 पुल बनाए जाने का लक्ष्य है।

#### प्रदेश में हवाई सफर और आसान होगा

प्रदेश में वायु सेवा के माध्यम से यात्रा सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे मप्र के शहरों और देश के महत्वपूर्ण शहरों के मध्य आवागमन शीघ्र तथा सुगम होगा। रीजनल कनेक्टिविटी योजना उड़ान के अंतर्गत छिंदवाड़ा, नीमच, शहडोल, शिवपुरी, खंडवा, मंडला, झाबुआ एवं उज्जैन हवाई पट्टियों का विकास हो रहा है। दतिया हवाई पट्टी को विमानतल के रूप में विकसित किया गया है। शिवपुरी हवाई पट्टी को विमानतल के रूप में विकसित किया जाएगा। रीवा विमानतल, प्रदेश का छठवां वाणिज्यिक विमानतल बनाया गया है। ग्वालियर विमानतल को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप दिया जा चुका है। उज्जैन हवाई पट्टी को हवाई कनेक्टिविटी के रूप में विस्तारित किए जाने का कार्यवाही प्रगतिरत है।

#### मनरेगा के लिए 4400 करोड़ रुपये

प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के लिए 4400 करोड़ मनरेगा के लिए 4050 करोड़ प्रधानमंत्री जन मन आवास योजना के लिए 1000 करोड़। प्रधानमंत्री जन धन योजना सड़क के लिए 1056 करोड़। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण के लिए 960 करोड़। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लिए 800 करोड़। स्वच्छ भारत मिशन के लिए 594 करोड़ और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लिए 227 करोड रुपए प्रस्तावित किए गए हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास के लिए 1950 करोड रुपए का बजट रखा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरचनाओं घाटों और धार्मिक स्थलों की साफ सफाई और जीणोद्धार किया जाएगा।

#### ओंकारेश्वर महालोक का निर्माण किया जाएगा

विश्व के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक, ओंकारेश्वर में उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर ओंकारेश्वर महालोक का निर्माण किया जाएगा। अद्वैत वेदान्त दर्शन के प्रणेता आचार्य शंकर के जीवन दर्शन के प्रसार के उद्देश्य से संग्रहालय एवं आचार्य शंकर अंतर्राष्ट्रीय अद्वैत वेदान्त संस्थान को विकसित किया जा रहा है।

#### 3500 किमी नई सड़क और 70 पुल इस साल बनेंगे

प्रदेश सरकार ने इस साल 3,500 किलोमीटर नई सड़कें और 70 पुलों के निर्माण का लक्ष्य तय किया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत क्षतिग्रस्त पुलों के पुनर्निर्माण की एक नई योजना शुरू की गई है, जिसके लिए 100 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, उन गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना शुरू की जा रही है, जहां अब तक सड़कें नहीं पहुंची हैं। इस योजना के लिए भी 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार ने अगले पांच वर्षों में प्रदेशभर में 1 लाख किलोमीटर सड़कें बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही 500 रेलवे ओवर ब्रिज और फ्लाईओवर का भी निर्माण किया जाएगा, जिससे यातायात व्यवस्था को सुगम बनाया जा सकेगा।

#### महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर जोर

मध्यप्रदेश सरकार लगातार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए नई योजनाएं ला रही है। लाड़ली बहना योजना से जुड़ी महिलाओं को अब सरकार की अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का भी लाभ मिलेगा। वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाना है। विधानसभा में बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसुति सहायता योजना, छात्राओं को साइकिल वितरण और मुख्यमंत्री स्कूटी योजना समेत नारी शक्ति से जुड़ी कई योजनाओं के लिए 26,797 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। सरकार का कहना है कि इन योजनाओं के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। बजट में श्रमिक महिलाओं को आर्थिक संबल देने के लिए मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना को आगे बढ़ाया गया है, जिससे गर्भवती श्रमिक महिलाओं को आर्थिक सहायता मिलेगी। वहीं, छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रेरित करने और उनकी आवाजाही को सुगम बनाने के लिए साइकिल वितरण योजना को जारी रखा गया है। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही छात्राओं के लिए मुख्यमंत्री स्कूटी योजना को भी लागू किया गया है, जिससे उन्हें शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।

#### किसान प्रोत्साहन योजना के लिए 5230 करोड़ का प्रावधान

बजटें किसानों को भी बड़ी सौगात दी गई है। बजट में धान उपार्जन पर प्रोत्साहन राशि देने के लिए 850 करोड़ का प्रावधान किया गया है। किसान प्रोत्साहन योजना के लिए 5230 करोड़, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 2 हजार करोड़ का प्रावधान किया जा रहा है। वित्त मंत्री देवड़ा ने बताया कि, मध्यप्रदेश सरकार कृषकों की आय में वृद्धि करने हेतु कृतसंकल्पित है। वर्तमान में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अन्तर्गत सभी किसान परिवारों को रुपये 6 हजार प्रतिवर्ष की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त, हमारी सरकार द्वारा भी कृषकों को राशि रुपये 6 हज़ार प्रतिवर्ष का लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में इस वर्ष रुपये 5 हजार 220 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है। नवीन योजना मुख्यमंत्री कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत परम्परागत रूप से एक या दो फसलें ले रहे किसानों को, फसल विविधीकरण में पारिस्थितिकीय संतुलन हेतु सहायक फसलें लेने पर, राज्य सरकार द्वारा विशेष प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। कृषि उपभोक्ताओं को विद्युत बिल में दी जा रही राहत को निरन्तर रखा गया है, जिससे लगभग 37 लाख किसान लाभान्वित हो रहे हैं। इस मद में रुपये 19 हजार 208 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 2 करोड़ 42 लाख प्रकरणों में रुपये 29 हज़ार 555 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। इस हेतु वर्ष 2025-26 में रुपये 2 हज़ार करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है।

#### किसानों को सिंचाई के लिए दिए जांएगे सोलर पंप

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बजट पेश करते हुए किसानों के लिए एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि अब किसानों को सिंचाई के लिए सोलर पंप दिए जाएंगे, जिससे उनकी कृषि कार्यों में मदद मिलेगी और साथ ही ऊर्जा की बचत भी होगी। इसके साथ ही, मंत्री ने पीएम कृषक मित्र सूर्य योजना के तहत 447 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया। इस योजना का उद्देश्य किसानों को सस्ती और सुलभ ऊर्जा प्रदान करना है, ताकि वे अपने खेतों में बेहतर तरीके से सिंचाई कर सकें और उत्पादन बढ़ा सकें।

श्रीअन्न उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा

प्रदेश में श्रीअन्न (मोटे अनाज) के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए नई योजना लागू की गई है, जिससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी और प्रदेश में पोषण सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। कृषि अनुसंधान और उन्नत तकनीकों के विकास को गति देने के लिए सरकार ने ग्वालियर कृषि विश्वविद्यालय के लिए 40 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया है।

## बजट पर किसने क्या कहा

पिछले बजट की तुलना में चार लाख 21 हजार करोड़ का बजट है। राजस्व में जो वृद्धि है वह 7 प्रतिशत है। पूंजीगत व्यय में 31 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान रखा है। जेंडर बजट दोगुना हुआ है। बजट को भी 6 वर्षों में दो गुना करने का लक्ष्य रखा गया है। 2047 की प्रधानमंत्री की दो ट्रिलियन की इकोनॉमी 5 सालों के भीतर दो गुना बजट करने का लक्ष्य रखा गया है। गरीब, महिला, किसान, युवाओं को सभी को ध्यान में रखते हुए गांव गरीब व्यवस्थित प्लानिंग के साथ मप्र विकास के मामले में हवाई उड़ान की तरह आगे बढ़ेगा।

**डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री**

बजट से स्पष्ट है कि मप्र पर बढ़ते कर्ज को कम करने की दिशा में सरकार की कोई सोच नहीं है। सबसे बड़े दुर्भाग्य की बात यह है कि बजट में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और सर्व समाज के लिए किसी बुनियादी विकास की घोषणा नहीं की गई है। वर्तमान सरकार का बजट पूरी तरह से निराश करने वाला है और इससे मप्र के नवनिर्माण का कोई रास्ता नजर नहीं आता।

**कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री**

ये बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित मध्यप्रदेश का बजट है। ये प्रदेश के विकास और जनकल्याण को गति और नई दिशा दे रहा है। विशेषकर लाड़ली बहना हो या लाड़ली लक्ष्मी...महिलाओं के लिए योजनाओं के लिए अभूतपूर्ण प्रावधान इस बजट में हैं। ये मील का पत्थर साबित होगा।

**शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

-मप्र की डबल इंजन सरकार प्रदेश के समग्र विकास के प्रति पूर्णतः संकल्पित है। निरंतर बढ़ती आर्थिक समृद्धि राज्य की प्रगति का प्रमाण है। वर्तमान में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 52 हजार से अधिक हो चुकी है, जो यह दर्शाता है कि मप्र विकास की अविरल धारा में निरंतर अग्रसर है। यह आर्थिक उन्नति हमारी सरकार की प्रभावी नीतियों, योजनाओं और सुशासन का सजीव प्रत्यक्षीकरण है, जिससे प्रदेशवासियों का जीवन स्तर निरंतर बढ़ रहा है।

**- कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री**

आज जब बजट पेश हो रहा है तो सरकार 5 हजार करोड़ रुपए का कर्ज ले रही है, बजट बढ़ाकर घोषित करना चाह रही है ताकि कर्ज लेने की सीमा बढ़े। बजट के लाभार्थियों जैसे आदिवासी, दलित, किसान, छात्र आदि के लिए बजट में किए गए प्रावधान का केवल 20-30 प्रतिशत ही खर्च होता है। वे केवल ऐसी योजनाएं बनाते हैं जिससे भ्रष्टाचार बढ़ता है... सरकार बस जनता को गुमराह करती है...

**जीतू पटवारी, पीसीसी चीफ**

बीजेपी सरकार कर्ज का बजट ला रही है। राज्यपाल के अभिभाषण से स्पष्ट है कि प्रदेश के युवाओं के लिए कोई नई नीति नहीं है। किसान आर्थिक रूप से संपन्न कैसे होगा? सरकार कर्ज में डूबी है। प्रति व्यक्ति 50 हजार का कर्ज है। ये सिर्फ ब्रांडिंग की सरकार है।

**उमंग सिंघार, नेता प्रतिपक्ष**

# यूपी में होली से पहले मस्जिदों को तिरपाल से ढंका

### 10 जिलों में जुमे की नमाज का वक्त बदला, संभल-शाहजहांपुर में हाई अलर्ट

**शाहजहांपुर।** इस बार होली 64 साल बाद रमजान के जुमे के दिन है। इससे पहले 1961 में 4 मार्च को होली और रमजान का शुक्रवार (जुमा) साथ-साथ था। रंग में भंग न पड़ जाए, इसके लिए उत्तर प्रदेश में पुलिस प्रशासन अलर्ट है। प्रदेश के 10 जिलों में जुमे की नमाज का वक्त बदल दिया गया है।

मस्जिदों को रंग-गुलाल से बचाने के लिए तिरपाल से ढंक दिया गया है। शाहजहांपुर में सबसे ज्यादा 67 मस्जिदों को तिरपाल और पन्नी से ढंका गया है। यहां लाट साहब के जुलूस के लिए पुलिस संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर रही है। एक हजार से ज्यादा पुलिस जवान दूसरे जिलों से आए हैं।

#### शाहजहांपुर- 300 साल पुरानी जूता मार होली की परंपरा

शाहजहांपुर में जूता मार होली खेलने की परंपरा 300 सालों से चली आ रही है। होली के दिन यानी 14 मार्च को लाट साहब का लंबा-चौड़ा जुलूस निकलेगा। इसमें एक व्यक्ति को लाट साहब बनाकर भैंसा गाड़ी पर बिठाया जाता है। लोग उस पर रंग, जूते-चप्पल बरसाते हैं। शाहजहांपुर में लाट साहब के दो जुलूस निकाले जाते हैं, जिन्हें छोटे और बड़े लॉट साहब कहा जाता है। कोतवाल लाट साहब को सलामी देकर नेग देते हैं, इसके बाद जुलूस रोशनगंज, बेरी चौकी, अंटा चौराहा होते हुए थाना सदर बाजार क्षेत्र में प्रवेश करता है। बाबा विश्वनाथ मंदिर पर जुलूस खत्म हो जाता है। चौक से निकलने वाले इस जुलूस का रूट करीब 8 किलोमीटर का होता है। इसलिए रास्ते की 67 मस्जिदों और मजारों को तिरपाल से ढंका गया है। जिससे उन पर रंग और गुलाल न पड़े।

#### नमाज का वक्त बदला

होली का त्योहार शांति से संपन्न कराने के लिए एसपी राजेश एस और डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह लगातार रूट मार्च कर रहे हैं। आईजी, एडीजी और कमिश्नर तक जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर चुके हैं। पूरे जुलूस की निगरानी ड्रोन कैमरे से की जाएगी। जुलूस वाले मार्ग पर जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

एक हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी दूसरे जनपदों से बुलाए गए हैं। इनमें 212 महिला कॉन्स्टेबल, 30 इंस्पेक्टर और 250 सब इंस्पेक्टर शामिल हैं। इसके अलावा दो कंपनी आरएएफ और दो कंपनी पीएसी भी जिले में तैनात की जाएगी। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट पर नजर रखने के लिए 9702 वॉलंटियर्स भी तैनात किए गए हैं। शाहजहांपुर में लाट साहब के जुलूस मार्ग में पड़ने वाली मस्जिदों में जुमे की नमाज पौने 2 बजे होगी। शहर इमाम हुजूर अहमद मंजरी ने बताया- जामा मस्जिद में सवा एक बजे नमाज होती थी। अब शुक्रवार को पौने 2 बजे नमाज होगी। बहादुरगंज स्थित मस्जिद में भी दो बजे का समय किया गया है। शहर इमाम ने सभी से मिल-जुलकर होली पर्व मनाने की अपील की है।

# भारतीय शेयर बाजार को लेकर मॉर्गन स्टेनली ने किया दांवा

### दिसंबर में 1,00,000 के पार जाएगा सेंसेक्स...

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में जियोपॉलिटिकल टेंशन और डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ खतरे के बीच भारत समेत दनियाभर के बाजारों में दबाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिका में ट्रंप की नीतियों की वजह से आर्थिक मंदी का संकट छाने लगा है। भारतीय बाजार पिछले साल सितंबर से टूट रहा है और लगातार बिकवाली हो रही है। निवेशक मार्केट से डरे हुए हैं। इसी बीच, मॉर्गन स्टेनली के एनालिस्ट मानना है कि सेंसेक्स 100000 के पार कर सकता है।

मॉर्गन स्टेनली के एनालिस्ट का कहना है कि सेंसेक्स में मौजूदा स्तर से करीब 41 फीसदी तेजी की उम्मीद है। एनालिस्ट का कहना है कि सेंसेक्स 105,000 के पार दिसंबर 2025 तक जा सकता है। एनालिस्ट के मुताबिक, भारतीय बाजारों में रिस्क के मुकाबले मुनाफे की संभावनाएं बढ़ रही हैं। उनका अनुमान है कि सामान्य स्थिति में दिसंबर 2025 तक सेंसेक्स 93,000 के स्तर पर होगा। यह मौजूदा स्तर से लगभग 25 फीसदी ज्यादा होगा।

#### 70 हजार पर भी आ सकता है सेंसेक्स

वहीं एनालिस्ट का यह भी मानना है कि मंदी जैसी स्थिति पैदा हुई और हालात और भी ज्यादा खराब हुए तो सेंसेक्स 6 फीसदी गिरकर 70,000 के स्तर पर भ आ सकता है। मॉर्गन स्टेनली में भारत रिसर्च प्रमुख रिद्धम देसाई ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि भारतीय शेयर बाजारों में बिकवाली का रुख दिख रहा है। ऐसे में अब निवेशकों के लिए चुनिंदा शेयरों में निवेश करने का अच्छा मौका है।

#### किन सेक्टर्स में मौके

देसाई का मानना है कि निवेश के लिहाज से सिक्लिकल शेयर, डिफेंस शेयरों, स्मॉलकैप, मिडकैप और लार्जकैप शेयरों में तेजी का रुख बना रहेगा। अगर अलग-अलग सेक्टर की बात करें तो मॉर्गन स्टेनली ने फाइनेंशियल, कंज्यूमर, इंडस्ट्रियल और टेक्नोलॉजी सेक्टर को लेकर पॉजिटिव संकेत दिया है।

## फटाफट खबरें

### 13 मार्च से 16 मार्च तक कृषि उपज मंडी में बंद रहेगी नीलामी

**नसरूल्लागंज-भैरूंदा, ईएमएस।** होली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुएव्यापारी एसोसिएशन के आवेदन अनुसार कृषि उपज मंडी में 13 मार्च से 16 मार्च तक मंडी में उपज का नीलामी कार्य बंद रहेगा। मंडी समिति कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार 13 मार्च को होलिका दहन एवं व्यापारियों के आवेदन अनुसार, 14 मार्च को धुलेंडी, 15 मार्च को भाई दूज एवं व्यापारियों के आवेदन अनुसार, 16 मार्च को साप्ताहिक अवकाश रविवार के कारण मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। कृषक बंधु अपनी उपज उपरोक्त तिथियों में मंडी में न लाएं। 17 मार्च सोमवार से नीलामी प्रक्रिया सुचारू रूप से पूर्ववत चालू रहेगी।

### देहात थाने में हुई शांति समिति की बैठक

**अशोकनगर, ईएमएस।** होली पर्व और शुक्रवार को होने वाली जुम्मे की नमाज को ध्यान में रखते हुए अशोकनगर देहात थाने में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान ने की। बैठक में विभिन्न धर्मों के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया और अपने-अपने विचार एवं सुझाव साझा किए। बैठक के दौरान थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान ने सभी समुदायों से आपसी सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों को शांति, प्रेम और उल्लास के साथ मनाया जाए, जिससे समाज में एकता और सद्भाव का संदेश जाए। शांति समिति के सदस्यों ने भी सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि सभी समुदायों को एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए और मिल-जुलकर त्योहार मनाना चाहिए। बैठक के अंत में थाना प्रभारी ने सभी से शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

### गेहूं उपार्जन तैयारियों की समीक्षा आयोजित

**अशोकनगर, ईएमएस।** कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला उपार्जन समिति की बैठक के दौरान रबी विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन तैयारियों की समीक्षा आयोजित की गई। इस दौरान खरीदी केन्द्रों के निर्धारण तथा उपार्जन की अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा कर बेहतर ि यान्वयन के निर्देश दिए गए। गेहू का उपार्जन 15 मार्च से 5 मई तक किया जाऐगा। बैठक में कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने निर्देशित किया कि जिले में गेहू खरीदी हेतु उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जाएं। उजार्जन केंद्रों की अद्यतन सूची संबंधित एसडीएम से चर्चा कर तैयार की जाएं। प्रत्येक उपार्जन केंद्रों पर निर्धारित मापदण्ड के अनुसार व्यवस्थाएं हों यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही भाण्डारण स्थल पर निर्धारित मापदण्डों के अनुसार पूर्णतः पालन किया जाएं।

▸ जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीण ने लाइनमैन पर लगाये गंभीर आरोप

# बोले- लाइनमैन द्वारा विद्युत चोरी का झूठा प्रकरण बनाकर लोक अदालत में कराया समझौता, पीड़ित से जमा कराई राशि

**अशोकनगर,**

जिले की पिपरई तहसील अंतर्गत ग्राम मलावनी में एक अनोखा मामला सामने आया है जिसमें गांव में पदस्थ विद्युत वितरण कंपनी के लाइनमैन द्वारा एक व्यक्ति पर विद्युत चोरी का झूठा प्रकरण बनाकर, उसे नोटिस पहुंचाया और प्रकरण को लोक अदालत में पहुंचाया, उसे डरा धमका कर लोक अदालत में समझौता कराकर राशि जमा करबाई, झूठे प्रकरण का शिकार व्यक्ति शासकीय कर्मचारी होने की वजह से लाइनमैन की ज्यादतियां सहते हुए, बेकसूर होकर भी लोक अदालत में समझौता कर राशि का भुगतान कर चुका है लेकिन इस बात से व्यथित होकर मंगलवार को उसने जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर मामले की जांच कराकर लाइनमैन पर झूठा प्रकरण बनाने और निर्दोष व्यक्ति को फंसाने की शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

जबकि बिजली विभाग द्वारा जिस जगह का प्रकरण बनाया है, वहां ना तो उसके नाम कोई जमीन है, ना ही कोई विद्युत कनेक्शन है फिर कैसे उसने बिजली चोरी कर ली और कैसे कंपनी ने पंचनामा बनाया, कैसे प्रकरण बनाया। जबकि पीड़ित दोनों पैरों से दिव्यांग है।

#### यह पूरा मामला

पीड़ित शिकायतकर्ता वीरेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि बिजली कंपनी के लाइनमैन अनिल यादव, महेन्द्र यादव द्वारा उसके खिलाफ ग्राम मालवली में 8 एचपी मोटर चलाते हुए विद्युत चोरी करने का आरोप लगाते हुए फर्जी पंचनामा एवं प्रकरण बनाया। जिसमें गांव के किसी व्यक्ति के हस्ताक्षर नहीं है, लाइनमैन ने फर्जी कनेक्शन क्रमांक एन 513130 पर दिनांक 8 जनवरी 2025 को स्वयं के द्वारा बनाया तथा उसकी स्वयं ही जांच कर



पंचनामा बनाया। जबकि उक्त कनेक्शन के लिए न तो पीड़ित शिकायतकर्ता ने आवेदन दिया था और ना ही कनेक्शन शुल्क जमा की थी। लाइनमैन ने उनके नाम मनगढ़ंत कनेक्शन लगा दिया। जब लोक अदालत के दो दिन पूर्व उन्हें इस संबंध में नोटिस प्राप्त हुआ तो उनके होश उड़ गए और आनन-फानन में उन्होंने डरकर, लोक अदालत का सम्मान करते हुए 25971 रुपये के एवज में 30 प्रतिशत छूट के साथ लोक अदालत में 19025 रुपए की समझौता राशि जमा कर दी। बाद में उन्होंने व्यथित होकर मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर को शिकायत की। और पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

## जनसुनवाई में पहुंचे 211 आवेदक, कलेक्टर ने सुनी समस्याएं



**अशोकनगर, ईएमएस।** मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में जिले के विभिन्न अंचलों से आने वाले आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुना एवं मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्यामूलक 211 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में ग्राम मौजदी निवासी पूरन सिंह द्वारा फोती नामांतरण कराए जाने, ग्राम सेमरा बामोरा निवासी गुलाब बाई द्वारा भूमि का सीमांकन कराए जाने, ग्राम कैथन निवासी चंदा अहिरवार द्वारा भूमि पर कब्जा दिलाए जाने, ग्राम रावसर खालस निवासी श्याम सुन्दर बैरागी द्वारा बीपीएल कार्ड बनवाए जाने, ग्राम थोवन निवसी केसरबाई वंशकार द्वारा कुआ खुदवाए जाने, ग्राम चिरौली निवसी राजेन्द्र सिंह द्वारा आधार कार्ड बनवाए जाने, मुंगावली निवासी चिन्कोवाई पारधी द्वारा अनुग्रह सहायता राशि दिलवाए जाने, ग्राम सेमरी साहवाज निवासी अशोक रघुवंशी द्वारा शासकीय रास्ता दिलाए जाने, ग्राम खड़ीचरा निवासी जालम सिंह द्वारा वृद्धावस्था पेंशन दिलाए जाने संबंधी आवेदन प्राप्त किए गए हैं। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी एनएस नरवरिया, संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, आरबी सिण्डोस्कर, डिप्टी कलेक्टर शुभ्रता त्रिपाठी सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## जमीनी विवाद को लेकर हत्या में चार को आजीवन कारावास

**अशोकनगर, ईएमएस।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम जिला अशोकनगर विशेष न्यायाधीश राकेश कुमार पाटीदार की अदालत द्वारा जिले के बहादुरपुर थाना अंतर्गत जमीनी विवाद को लेकर हुई हत्या एवं मारपीट के मामले में चार अभियुक्तों रामवीर सिंह पुत्र तुलसीराम गुर्जर उम्र 22 वर्ष, सीताराम पुत्र तुलसीराम गुर्जर उम्र 30 वर्ष, राजकुमार पुत्र तुलसीराम गुर्जर उम्र 25 वर्ष, बादाम सिंह पुत्र मंगल सिंह गुर्जर उम्र 60 वर्ष सभी निवासी ग्राम बंगला चौराहा थाना बहादुरपुर जिला अशोकनगर को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक पर 3000 रुपए के अर्थ दंड की सजा से दंडित किया है।

अभियोजन के अनुसार ग्राम इकोदिया निवासी नाहर सिंह की बुवी हुई जमीन पर रामवीर गुर्जर, सीताराम गुर्जर, राजकुमार गुर्जर एवं बादाम सिंह गुर्जर घटना दिनांक 26 जून 2021 को दोपहर करीब 11 बजे बोनी कर रहे थे। उसने व उसके पिता राजधर चाचा ग्याप्रसाद एवं शिशुपाल ने जाकर उन्हें बोनी करने से मना किया तो चारों लोग अश्लील गालियां देकर बोले की जमीन हमारी है, तुम कौन होते हो हमें बोनी करने से रोकने वाले, उसने गालियां देने से मना किया तो सीताराम ने कुल्हाड़ी की राजधर सिंह को मारी जिससे सिर, दाहिने हाथ की छोटी उंगली एवं शरीर में चोटें आई थी। राजकुमार ने ग्या प्रसाद को कुल्हाड़ी मारी जो सिर व शरीर में जगह-जगह चोटें आई तथा बादाम ने उसे लाठी की मारी जिससे उसके सिर, शरीर में जगह-जगह चोटें आईं। नाहर सिंह की मां बती बाई, चाची सुंदर बाई, बहन ज्योति, भाई धीरज, एवं छोटा भाई समरथ उसे, उसके पिता राजधर एवं चाचा ग्या प्रसाद को बचाने आए तो, चारों अभियुक्त गण ने इसकी भी मारपीट की, जिससे इन्हें भी सिर व शरीर में जगह-जगह चोटें आई। मौके पर गोरेलाल व घसीटा अहिरवार थे, जिन्होंने घटना देखी व बीच-बचाव किया। आहत गण को बहादुरपुर के अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में फरियादी नाहर सिंह ने घटना की देहाती नालिसी लिखाई, जिस पर से आरक्षी केंद्र बहादुरपुर जिला अशोकनगर में अपराध क्रमांक 199/2021 अंतर्गत धारा 294, 323, 307, 34 भा.द.वि. एवं धारा 3(1)(द),3(1)(घ), के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।

## डॉलर चने भाव को लेकर मंडी में बरपा हंगामा, डेढ़ घंटे बंद रही खरीदी



**खरगोन,**

शहर के आनंद नगर मंडी में डॉलर चना खरीदी भाव की कमी को लेकर मंगलवार को जमकर हंगामा बरपा। इससे करीब दो घंटे तक खरीदी प्रभावित हुई।

उल्लेखनीय है कि आनंद नगर मंडी में पहली बार इसी सीजन से डॉलर चना खरीदी केंद्र की शुरुआत हुई है। मंडी में हंगामें के बीच मंगलवार को न्यूनतम भाव 7 हजार, अधिकतम 9450 और औसत 8850 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से डालर चना खरीदा गया। दोपहर करीब 12.30 बजे आक्रोषित किसान मंडी गेट पहुंच गए और गेट बंद कर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। डालर चना वाहन लेकर आए किसान भूपेंद्र नायक बिस्टान, आलोक पाटीदार आदि ने बताया कि अन्य मंडियों के मुकाबले 500 से 800 रुपए कम भाव पर खरीदी कर रहे है। भाव में करीब हजार.आठ सौ रुपये का अंतर आ रहा है। किसानों के प्रदर्शन की सूचना पर पहुंची मंडी सचिव शर्मिला निनामा ने किसान और व्यापारियों में सामंजस्य स्थापित कर मंडी में दोबारा नीलामी पुन~ शुरू हो सकी। किसानों ने बताया हंगामे के बाद जब दोबारा खरीदी शुरु हुई तो 200 से 500 रुपए तक अधिक दाम मिले।

## वन विभाग की टीम ने अवैध रूप से संग्रहित खैर की 67 नग लकड़ी जब्त की

**सागर, ईएमएस।** वन परिक्षेत्र बण्डा की टीम ने मुखबिर की सूचना पर अवैध रुप से संग्रहित खैर की लकडी को पकडने में सफलता हासिल की। वन परिक्षेत्र अधिकारी विकास सेठ ने बताया वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में बीट निहानी अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर कक्ष क्रमांक आर एफ 317 के पास लगे हुए निजी रखवा खसरा क्रमांक 421 में अवैध रूप से संग्रहित खैर की लकड़ी 67 नग जप्त कर वन अपराध क्रमांक 5442/23 पंजीबद्ध किया गया । खसरा क्रमांक 421 एमपी किसान एप अनुसार भारत यादव ग्राम निहानी के नाम पर दर्ज है, मौके पर जब्ती कार्रवाई के दौरान भारत यादव साकिन निहानी अन्य साथियों के साथ मौके पर आए तथा वन स्टाफ को धमकाते हुए कहा कि मौके से लकड़ी कहीं नहीं जायेगी एवं विवाद की स्थिति निर्मित करते हुए वन स्टाफ को धमकाते हुए अभद्रता की, विवाद की स्थिति को देखते हुए थाना प्रभारी बण्डा से संपर्क कर पुलिस का सहयोग लेकर कार्रवाई की गई मौके पर अवैध रूप से संग्रहित वनोपज टैक्टरों से परिवहन कराकर शासकीय अभिरक्षा में रखी गई। उक्त मामला वन अपराध प्रकरण में विवेचना जारी है।

## होली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य पदार्थों की हुई जांच

**अशोकनगर,**

होली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुये खाद्य प्रशासन विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण एवं जांच कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 10 मार्च को खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा अशोकनगर स्थित होटलो, डेयरियों एवं किराना दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुराना बाजार स्थित बाहुबली स्वीट्स से भैंस का दूध, सादाबर्फी, सादासेव एवं सुराना चौराहा स्थित मनोहर दूध डेयरी से पनीर, दही एवं गाय भैंस के मिश्रित दूध का नमूना जांच हेतु लेकर शासन द्वारा अधिकृत प्रयोगशाला में भेजा गया है।

रिपोर्ट में नमूने अमानक पाये जाने पर संबंधित खाद्य कारोबार कर्ताओं के विरूद्ध अधिनियम के प्रावधान अनुसार आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा आम उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि सस्ती खाद्य सामग्री के लोभ में आकर खाद्य पदार्थों



की गुणवत्ता से समझौता न करें। ज्यादा चटकीलें एवं भडकीले रंगो की मिठाईयों तथा खुली अवस्था में रख कर बेची जा रही खाद्य सामग्रियों का उपयोग न करें। खाद्य सुरक्षा प्रशासन, अशोकनगर के द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच नियमित रूप से की जाती है, यदि किसी उपभोक्ता को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के संबंध में शिकायत है तो वह अपनी शिकायत लिखित में अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन अशोकनगर को कर सकता है, शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

### जनसुनवाई में पहुंचे 66 आवेदकों की समस्याएं

**खरगोन, ईएमएस।** मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय परिसर में होने वाली जनसुनवाई में जिलेभर से 66 आवेदक अपनी समस्याओं, शिकायतों के निराकरण की आस में पहुंचे। यहां जनसुनवाई अधिकारी ने आवेदन लेकर संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजे हैं। ग्राम पीपरी निवासी भूरेखा पिता फत्तु बीपीएल राशन कार्ड बनवाने एवं पेंशन दिलाने की मांग लेकर आया था। खलघाट जिला धार की निवासी गीता बाई चौहान अपने पति स्व. कमल जो नप मंडलेश्व में दरोगा के पद पर कार्यरत होकर, मृत्यु के बाद उनके वेतन से काटी गई राशि दिलाने की मांग लेकर आयी थी।ग्राम निमगुन का निवासी प्रकाश सेन आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग लेकर आया था। ग्राम देवली निवासी युवक दिव्यांशु राठौर आर्थिक सहायता दिलाने की मांग लेकर आया था।

## स्मार्ट मीटर पर कांग्रेस का विरोध, ज्ञापन देकर भूली कांग्रेस

### मीटर लगाने का कार्य जारी लोग परेशान

**बुरहानपुर,**



शहर में स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर कांग्रेस ने विरोध जताते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था लेकिन इसके बावजूद स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य तेजी से जारी है। इस से आम लोग काफी परेशान हो रहे हैं क्योंकि बिना पूर्व सूचना एवं उपभोक्ता की सहमति के बिना मीटर लगाए जा रहे हैं, स्मार्ट मीटरों की रीडिंग को लेकर संदेह बना हुआ है। जिसको लेकर विरोध जारी है कांग्रेस ने स्मार्ट मीटर की अनियमितताओं को लेकर विरोध किया था और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इसे बंद करने की मांग की थी। उनका आरोप है कि इन मीटरों की रीडिंग सही नहीं आ रही मध्य प्रदेश के अन्य शहरों में भी स्मार्ट मीटर को लेकर तथा रीडिंग अधिक होने की शिकायतें सामने आई है और बिल अचानक ज्यादा आने लगे हैं जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। कांग्रेस ने यह भी कहा था कि स्मार्ट मीटर लगाने से पहले जनता को पूरी जानकारी दी जानी चाहिए तथा उपभोक्ता की सहमति के बाद स्मार्ट मीटर लगाए जाएं लेकिन बिजली विभाग के ठेकेदारों के द्वारा जबरन उपभोक्ताओं के घरों पर पुराने डिजिटल मीटर निकालकर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है जिसके चलते विवाद की स्थिति भी बन रही है शहर के कई इलाकों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं जिससे कई उपभोक्ताओं का ठेका कर्मचारियों के साथ विवाद भी हो रहा है स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिल अचानक बढने की संभावनाएं हैं उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली विभाग के द्वारा वर्तमान में ही सादे मीटरों के स्थान पर डिजिटल मीटर लगाए गए थे और अब फिर उपभोक्ताओं के विद्युत संयोजनों पर स्मार्ट मीटर थोपने का कार्य किया जा रहा है जिस में पारदर्शिता नहीं है। कुछ उपभोक्ताओं का आरोप है कि मीटर की रीडिंग गलत रिकॉर्ड होने पर बिल भी अधिक आएंगे कांग्रेस स्मार्ट मीटर के मामले में केवल कलेक्टर को ज्ञापन देकर मौन है वही प्रशासन के द्वारा भी ज्ञापन के पश्चात कोई कार्यवाही उपभोक्ताओं के हित में नहीं की गई है यदि समय रहते प्रशासन के द्वारा स्मार्ट मीटर को लेकर कोई कार्यवाही नहीं की गई तो शहर में विवाद की स्थिति बनेगी।

### जिला एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा निकाला गया फ्लैग मार्च

**सागर, ईएमएस।** कलेक्टर श्री संदीप जी आर एवं पुलिस अधीक्षक श्री विकास शाहवाल के निर्देश पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा सागर नगर के संपूर्ण क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया जिसमें सिटी मजिस्ट्रेट श्रीमती जूही गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव उईके, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लोकेश सिन्हा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री ललित कश्यप, श्रीमती नीलम चौधरी सहित पुलिस बल मौजूद था। सिटी मजिस्ट्रेट श्रीमती जूही गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लोकेश सिन्हा ने बताया कि होली, रंग पंचमी एवं रमजान को देखते हुए जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह फ्लैग मार्च निकाला गया उन्होंने बताया कि इसी प्रकार सभी थाना प्रभारियों द्वारा शांति समिति की बैठकों का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी वर्गों की व्यक्ति यों को आमंत्रित किया जा रहा है।

## महंगे नशे ब्राउंन शुगर के साथ 3 गिरफ्तार



**खरगोन, ईएमएस।** जिले में महंगा नशा ब्राउन शुगर तेजी से पैर पसार रहा है। ज्यादातर मामले बड़वाह में सामने आ रहे है, यहां लगातार प्रतिबंधित ब्राउन शुगर की हो रही तस्करी पर निगरानी रखते हुए कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार नवीन निर्माणाधीन हाईवे ग्राम कटघड़ा तरफ से आकर हाईवे पर अवैध रूप से ब्राउन शुगर बेचने की की फिराक में बाईक पर घुम रहे तीन युवको को गिरफ्तार किया गया है, इनके कब्जे से 6 ग्राम 87 मिलीग्राम ब्राउन शुगर जिसकी बाजारु कीमत करीब 70 हजार रुपए है जब्त की गई है। पुलिस गिरफ्त में आए युवक बुलेट क्रमांक एमपी 10 झेडसी 1889 पर सवार थे। इनमें सद्दाम निवासी ट्रेंचीग ग्राउण्ड सनावद, आकाश निवासी चांदनीपुरा सनावद एवं सुलभ निवासी मोरी हास्पिटल के पास सनावद के निवासी शामिल है।

तीनों की तलाशी लेने पर 6.87 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद करने के साथ ही बुलेट जब्त की गई है। तीनों आरोपियों का पुलिस रिमान्ड लिया जाकर सप्लायर के बारे में पूछताछ की जाएगी। सद्दाम और आकाश के खिलाफ पूर्व में भी सनावद ओर बड़वाह थाने पर अलग- अलग धाराओं में प्रकरण दर्ज है।

### सिरोंज में म.प्र. शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह सेंगर ने उठाई वेतन समस्याओं की आवाज



**सिरोंज, ईएमएस।** .प्र.शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई सिरोंज ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों की वेतन संबंधी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की है। संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि फरवरी माह का वेतन अब तक नहीं मिला है, जिससे शिक्षकों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई शिक्षक होम लोन और अन्य ऋणों की किश्तें समय पर जमा नहीं कर पा रहे हैं। होली के त्यौहार के पूर्व फरवरी माह का वेतन शीघ्र दिलाने की मांग की गई है। इसके अलावा, सहायक शिक्षक और प्राथमिक शिक्षकों के शेष लम्बित एरियर का मार्च माह के वेतन के साथ भुगतान कराने और 12 वर्ष पूर्ण कर चुके माध्यमिक शिक्षकों का मोन्नत वेतनमान मार्च माह के वेतन के साथ जोड़कर भुगतान कराने की भी मांग की गई है।

▸ राधे-राधे महिला मंडल ने खेली गुलाल और फूलों की होली

## प्रत्येक जाति और संप्रदाय के लोग जाति बंधन तोड़कर होली पर्व को मनाते हैं: नम्रता जैन

**सिरोंज,**

नगर के वार्ड क्रमांक 18 सतखनी मोहल्ला स्थित श्री गिरधारी जी मंदिर में राधे-राधे महिला मण्डल द्वारा होली पर्व के उपलक्ष्य में हर्षोल्लास के साथ गुलाल और फूलो की होली खेली गई। तो वही ढोलक की ताल पर महिलाओं ने सुंदर सुंदर भजन गाकर नृत्य किए और होली खेली। महिला मंडल की सदस्यों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर और पारंपरिक होली गीत की प्रस्तुति कर जमकर धमाल मचाया। महिला मण्डल की वरिष्ठ सदस्य नम्रता जैन ने कहा कि होली एक ऐसा रंगों का त्योहार है,जिससे प्रत्येक जाति और संप्रदाय के लोग जाति के बंधन को तोड़कर इस पर्व को मनाते है। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती है। गीत और कविता से महिलाओं ने जमकर खेली होली- होली मिलन समारोह के लिए कार्यक्रम में शामिल महिलाएं काफी उत्साहित दिखीं इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक होली



गीत और कविता के माध्यम से रंगों का त्योहार होली को रंगीन बना दिया। महोत्सव अंतर्गत महिलाओं ने राधा-कृष्ण के साथ नृत्य गायन, गरबा,फाग गीत एवं भजन आरती के साथ फूल और गुलाल उड़ाते हुए जमकर होली खेली। साथ ही एक दूसरे को होली की बधाई दी। इस दौरान राधे-राधे महिला मण्डल की पदाधिकारी श्रीमति नम्रता जैन, श्रीमति माला अग्रवाल,श्रीमति बिन्दू गर्ग,श्रीमति उषा दिनकर,श्रीमति सरिता, श्रीमति मंजू जैन, स्नेहल, अमृता, शिल्पी, रेखा,मनीषा,संगीता आदि मौजूद रही।

### होली के त्यौहारों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेटों को किया तैनात

**सागर, ईएमएस।** कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने होलिका दहन, धुरेड़ी एवं रंगपंचमी के अवसर पर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी निर्धारित की है। कलेक्टर के आदेशानुसार विभिन्न क्षेत्रों में मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं जिनमें कोतवाली थाना क्षेत्र के लिए तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट श्री प्रवीण पाटीदार, केन्ट थाना एवं मकरोनिया थाना क्षेत्र के लिए नायब तहसीलदार सुश्री रितु राय, मोतीनगर थाना क्षेत्र के लिए नायब तहसीलदार श्री बहादुर सिंह एवं सिविल लाईन एवं गोपालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत अधीक्षक भू-अभिलेख श्री देवीप्रसाद चक्रवर्ती को तैनात किया गया है। संपूर्ण कानून व्यवस्था की प्रभारी नगर दंडाधिकारी श्रीमती जूही गर्ग होगी एवं सागर नगर अंतर्गत कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर पुलिस अधीक्षक श्री ललित कश्यप को सौंपी गई है। इसके अलावा, समस्त कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अपने-अपने थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहेंगे।

## सशक्त और समावेशी अर्थव्यवस्था के लिए ब्लू प्रिंट है मध्यप्रदेश सरकार का यह आम बजटः श्याम तिवारी जिला अध्यक्ष भाजपा

**सागर।** डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा मध्यप्रदेश का पेश किया गया एतिहासिक बजट पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने मध्यप्रदेश के आम बजट 2025 का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट में गरीब, युवा, अन्न दाता और महिलाओं समेत मध्यम वर्ग के भी सपनों को पूरा करेगा। प्रदेश को समृद्ध, सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित बनाने में यह बजट मददगार होगा। यह बजट गरीबी, अशिक्षा से मुक्ति दिलाने में दूरगामी परिणाम देगा। जीआईएस की बैठक में आए 30.77 लाख करो? के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर लाकर प्रदेश में औद्योगिक क्रांति लाएगा। बजट में सरकार के 4 मिशन हैं। गरीब कल्याण मिशन, महिला कल्याण मिशन, किसान कल्याण और युवा कल्याण मिशन के लिए वित्त मंत्री द्वारा पेश मध्यप्रदेश सरकार का यह बजट एक सशक्त और समावेशी अर्थव्यवस्था के लिए ब्लू प्रिंट है।

» न्यूज कैप्सूल »

## दैवेभो एवं सुरक्षा श्रमिक नहीं मनाएंगे होली

### 5 माह से नहीं मिला वेतन

**भोपाल।** वन विभाग में दैनिक वेतन भोगी एवं सुरक्षा श्रमिकों की होली बेरंग मनेगी, क्योंकि वन विभाग में दैनिक वेतन भोगी एवं सुरक्षा श्रमिकों को पिछले 5 माह से वेतन भुगतान नहीं किया गया। इस कारण दैनिक वेतन भोगी एवं सुरक्षा श्रमिकों के सामने बड़ा आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। मप्र कर्मचारी मंच ने प्रधान मुख्य संरक्षक वन विभाग को पत्र सौंपकर मांग की है कि श्रमिकों का लंबित वेतन तत्काल भुगतान कराया जाए।

मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि सरकार के आदेश है कि दैनिक वेतन भोगी एवं सुरक्षा सैनिकों को माह के 1 तारीख से 5 तारीख के बीच वेतन भुगतान अति आवश्यक रूप से कर दिया जाए। लेकिन वन विभाग में सरकार के आदेश का पालन कभी भी नहीं किया जाता है। इस कारण दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं सुरक्षा श्रमिकों को कभी भी समय पर वेतन भुगतान नहीं किया जाता है, चाहे राष्ट्रीय त्यौहार हो या शादी विवाह हो, अब होली जैसे राष्ट्रीय पर्व भी दैनिक वेतन भोगी एवं सुरक्षा श्रमिक नहीं मना पाएंगे। उनके लिए होली का रंग बेरंग है। कर्मचारी मंच वन विभाग के सदस्यों ने निर्णय लिया है कि यदि होली से पूर्व वेतन भुगतान नहीं किया गया तो सदस्य होली त्यौहार नहीं मानेंगे।

## शराब सिंडीकेट ने टेंडर का किया 'अघोषित' बहिष्कार

### लापरवाही के चलते सहायक आबकारी आयुक्त निलंबित

**भोपाल।** मप्र के वाणिज्य कर विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जबलपुर जिले के सहायक आबकारी आयुक्त रविंद्र मानिकपुरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय आबकारी आयुक्त ग्वालियर रहेगा। जानकारों का कहना है कि शराब सिंडीकेट ने जिस तरह जबलपुर में अघोषित तौर पर टेंडर का बहिष्कार किया है उसका खामियाजा सहायक आबकारी आयुक्त को उठाना पड़ा है। हालांकि विभाग द्वारा सहायक आयुक्त पर सरकारी आदेशों की अव्हेलना करने का आरोप लगाया गया है। उप सचिव मप्र शासन वाणिज्यिक कर विभाग वंदना शर्मा भोपाल के द्वारा जारी किए गए निलंबन आदेश में उल्लेखित है कि रविन्द्र मानिकपुरी, सहायक आबकारी आयुक्त, जिला जबलपुर द्वारा शासकीय कार्यों के निर्वहन में लापरवाही बरत रहे थे और वरिष्ठ अधिकारियों से जारी आदेश की अवहेलना कर रहे थे।

## जांच के बाद संस्कृति बचाओ मंच के प्रमुख पर एफआईआर

**भोपाल।** राजधानी में सोमवार को किसान कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता विधानसभा घेराव के लिए इकट्ठा हुए थे। प्रदर्शन के दौरान रंगमहल चौराहा पर बना मंच अचानक टूट गया, जिससे 10 से ज्यादा कांग्रेसी घायल हो गए। इस घटना के बाद टीटी नगर पुलिस ने जांच के बाद हिंदूवादी नेता और संस्कृति बचाओ मंच के प्रमुख चंद्रशेखर तिवारी पर एफआईआर दर्ज की है।

चंद्रशेखर तिवारी पर आरोप है कि कार्यक्रम के लिए जो मंच तैयार किया गया था, वह उन्हीं ने बनवाया था। मंच निर्माण के लिए उनके टेंट हाउस से पूरा सामान आया था।

# माशिमं की गाइड लाइन ने उड़ाई शिक्षकों की नींद

## उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में गलती पड़ेगी भारी

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन 13 मार्च से शुरू होना है। मूल्यांकनकर्ताओं को भी मूल्यांकन में विशेष ध्यान देना होगा। एक नंबर की गलती हुई तो 100 रुपए का जुर्माना लगेगा। मूल्यांकनकर्ता पूरी गंभीरता के साथ मूल्यांकन करें इसके लिए मंडल पहली बार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर चुका है। इस साल करीब 17 लाख विद्यार्थियों की करीब 90 लाख उत्तरपुस्तिकाओं को जांचने के लिए 40 हजार शिक्षकों को लगाया गया है। मूल्यांकन सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक चलेगा। इस दौरान कोई भी शिक्षक मोबाइल लेकर नहीं जाएंगे। मूल्यांकन स्थल पर मूल्यांकनकर्ता कोई बड़ा बैग लेकर नहीं आएंगे। दूसरे चरण का मूल्यांकन कार्य 21 मार्च से शुरू होगा।

गौरतलब है कि माशिमं की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रत्येक परीक्षक को गंभीरता से करने के निर्देश दिए गए हैं। मंडल ने तय किया है कि इस बार कापियों की जांच तीन चरण में की जाएगी। नंबर दर्ज करने में गलती होने पर मूल्यांकनकर्ताओं पर जुर्माने का भी प्रविधान किया है। अगर किसी मूल्यांकनकर्ता ने परीक्षार्थी का प्राप्तांक चढ़ाने में गलती की तो प्रत्येक ऐसी गलती पर उसे 100 रुपये का जुर्माना देना होगा। 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन 13 मार्च से शुरू हो रहा है। माशिम से तय नियमों के मुताबिक, मूल्यांकनकर्ताओं को अपना काम शुरू करने से पहले एक आदर्श उत्तर की कापी दी जाएगी। इसके आधार पर उन्हें मिली कापियों की जांच करनी है। एक मूल्यांकनकर्ता कापी की जांच के बाद प्रत्येक प्रश्न के उत्तर पर अंक देगा।

### प्राप्तांक का जोड़ ठीक नहीं तो लगेगा जुर्माना

अंत में परीक्षार्थी को मिले सभी अंकों का जोड़ मुखपृष्ठ पर लिखा जाएगा। अंकों का जोड़ करते समय यदि किसी परीक्षार्थी को 90 या 99 अंक आ रहे हैं तो उसकी कापी दोबारा जांची जाएगी। सामान्य परिस्थितियों में भी मूल्यांकन के बाद दूसरा मूल्यांकनकर्ता नंबरों का मिलान करेगा। अगर प्रत्येक उत्तर को मिले अंक और मुखपृष्ठ पर लिखे प्राप्तांक का जोड़ ठीक नहीं होगा तो मूल मूल्यांकनकर्ता पर जुर्माना लगेगा। तीसरी जांच रैंडम होगी यानी जांची जा चुकी कापियों के बंडल से कुछ कापियां निकालकर कभी भी जांची जाएंगी। अगर इसमें गलती मिली तो भी जुर्माना लगेगा। बताया जा रहा है कि ऐसा हर साल पुनर्मूल्यांकन के आवेदनों की वजह से कापियों की दोबारा जांच करानी पड़ती है। कई बार होता है जब परीक्षार्थी का दावा सही होता है और उसके अंक बढ़ जाते हैं। इसकी वजह से कई बार न्यायालय में मंडल की स्थिति लज्जाजनक हो जाती है। माशिम ने दिशा-निर्देश दिए हैं कि ऐसे प्रश्न जिसमें अ अथवा ब में से किसी एक का उत्तर देना है, उसकी जांच करते समय अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। परीक्षार्थी ने यदि दोनों प्रश्नों के जवाब लिख दिए हैं तो मूल्यांकनकर्ता को सबसे बेहतर उत्तर पर अंक देना है। यही अंक उसके प्राप्तांक में जुड़ेगा।

### भत्ते के लिए 30 कॉपियों का मूल्यांकन जरूरी

बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन करने वाले स्थानीय मूल्यांकन कर्ताओं को 150 रुपए और 30 किमी दूर से आने वाले को 180 रुपए प्रतिदिन अतिरिक्त भत्ता दिया जाता है। मूल्यांकन कर्ताओं को ये भत्ता लेने के लिए न्यूनतम 30 उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करना जरूरी है। इस बार 10वीं कक्षा की एक कापी जांचने पर 13 रुपये और 12वीं की कापी पर 15 रुपये मिलेंगे। एक शिक्षक को एक दिन में कम से कम 30 और ज्यादा से ज्यादा 45 उत्तरपुस्तिकाएं जांचनी होंगी।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का दूसरा चरण शुरू, 31 मार्च तक कर सकते हैं अप्लाई

### एक करोड़ युवाओं को मिलेगी इंटर्नशिप

**भोपाल।** केंद्रीय बजट 2024-25 में शुरू की गई प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के अंतर्गत 21 से 24 वर्ष की आयु के एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप प्रदान की जानी है। यह योजना 12 महीने की अवधि के लिए विभिन्न उद्योगों में वास्तविक जीवन के कारोबारी माहौल से रूबरू कराएगी।

इस योजना को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और भारतीय कॉर्पोरेट कानून सेवा (आईसीएलएस) कैडर के अधिकारियों ने कार्यान्वित किया है। अधिकारियों के मुताबिक योजना का उद्देश्य भारत को 'विश्व की कौशल राजधानी' बनाना है।

### आवेदनों की प्रक्रिया शुरू हुई

योजना के पायलट चरण को लेकर आवेदनों की प्रक्रिया शुरू हो गई है। दूसरे चरण में भारत के 730 से अधिक जिलों में शीर्ष कंपनियों में एक लाख से भी अधिक इंटर्नशिप के अवसर युवाओं को प्रदान किए जाएंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दी गई है।

### तीन इंटर्नशिप के लिए आवेदन

आवेदक अधिकतम तीन इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकता है। कोई भी उम्मीदवार भारत में कहीं भी किसी भी इंटर्नशिप के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र है। क्षेत्रीय कार्यालय अहमदाबाद में आने वाले चार राज्यों में शीर्ष कंपनियों ने 25 हजार 338 इंटर्नशिप अवसर प्रदान किए हैं।

### 5220 इंटर्नशिप के अवसर

अकेले मध्य प्रदेश में ही कुल पांच हजार 220 इंटर्नशिप अवसर हैं, जो देश की शीर्ष कंपनियों द्वारा अलग-अलग जिलों में पेश किए जा रहे हैं। पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, जुबिलेंट फुडवर्क्स लिमिटेड और एनएचडीसी लिमिटेड जैसी अग्रणी कंपनियां इस दौर में मध्य प्रदेश में इंटर्नशिप के प्रस्ताव रख रही हैं।

# बजट में भोपाल-इंदौर मेट्रो के लिए मिले 850 करोड़

## व्यापमं समेत 3 फ्लाइओवर 139 करोड़ से बनेंगे; 300 करोड़ से 38 सड़कों का निर्माण

**भोपाल।** राजधानी भोपाल की बेहद व्यस्ततम सड़क लिंक रोड नंबर-1 के व्यापमं चौराहे पर 53 करोड़ रुपए से करीब पौन किमी लंबा नया फ्लाइओवर बनेगा। इससे वल्लभ भवन, जेल पहाड़ी आने-जाने वाले लोग बिना जाम में फंसे निकल सकेंगे। भोपाल-इंदौर स्टेट हाईवे पर फंदा के पास भी 37.70 करोड़ रुपए और सूखी सेवनिया के पास 48.58 करोड़ रुपए से दो नए फ्लाइओवर बनाए जाएंगे। बुधवार को मध्यप्रदेश के बजट में इन तीनों फ्लाइओवर को मंजूरी दे दी गई है।

इससे पहले वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का बजट पेश कर दिया है। बजट में भोपाल और इंदौर मेट्रो के लिए 850 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सड़कों, ब्रिज के लिए भी रुपए मिले हैं। वहीं, नई सड़कें भी मंजूर की गई हैं। बजट के बाद मेट्रो की ब्लू लाइन (भदभदा से रत्नागिरी तक) का काम भी शुरू हो सकेगा। बजट को लेकर पीडब्ल्यूडी ने कुछ सड़कों के प्रस्ताव भेजे थे। जिन्हें मंजूरी मिली है। हालांकि, पिछले बजट की कई घोषणाएं अब भी अधूरी है। इनके लिए राशि का प्रावधान किया जा सकता है।

### 20 करोड़ रुपए से बनेगा स्विमिंग पुल

बाग सेवनिया स्थित राष्ट्रीय संस्कृति संस्थानम के पास ऑडिटोरियम एवं स्विमिंग पुल का निर्माण 20 करोड़ रुपए से होगा। बजट में इसे भी मंजूरी मिली है।

### मनीषा मार्केट की सड़क के लिए भू-अर्जन की कार्रवाई

शैतान सिंह चौराहा से मनीषा मार्केट, बंसल हॉस्पिटल, स्वर्ण जयंती पार्क, बावड़िया तिराहा से कोलार रोड तक निर्माण के लिए भू-अर्जन का कार्य 10.92 करोड़ रुपए से होगा।

# यूका कचरे के निस्तारण का तीसरा ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न

## 37 घंटे में 10 टन कचरा जलाया गया

**भोपाल।** पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के निस्तारण के लिए तीसरा ट्रायल रन सफलता के साथ पूरा किया गया। रामकी इनवायरो में स्थित इंसीनेटर में 900 डिग्री से अधिक तापमान पर कचरे को जलाया गया। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, मध्यप्रदेश के रीजनल ऑफिसर श्रीनिवास द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह ट्रायल हाई कोर्ट के आदेशानुसार किया गया था।

तीसरे ट्रायल रन की शुरुआत 10 मार्च को शाम 7:41 बजे हुई थी, जिसमें 12 मार्च सुबह 8:43 बजे तक कचरा जलाया गया। इस ट्रायल रन में लगभग 37 घंटे का समय लगा और कुल 10 टन कचरा जलाया गया। इस ट्रायल रन में 10 टन कचरा 270 किलो प्रति घंटे की दर से जलाया गया। ये अब तक का सबसे तेज और सफल ट्रायल साबित हुआ। इससे पहले दो ट्रायल रन और हो चुके हैं। पहले ट्रायल रन में 135 किलो प्रति घंटे की दर से कचरा जलाया गया। वहीं दूसरे ट्रायल रन में 10 टन कचरा 180 किलो प्रति घंटे की दर से जलाया गया। यह यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के निस्तारण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### प्रदूषण नियंत्रण मानकों के अनुरूप परिणाम

इस प्रक्रिया की निगरानी के लिए कंपनी और आसपास के गांवों में विशेष संयंत्र लगाए गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, पर्यावरण मानकों के अनुरूप कचरे का निस्तारण किया गया और यह पूरी प्रक्रिया सुरक्षित पाई गई।

### हाई कोर्ट के आदेश के तहत हुआ ट्रायल

यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे का निस्तारण मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के निर्देशों के तहत किया जा रहा है। हाई कोर्ट के आदेशानुसार तीन ट्रायल रन किए गए, जिनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कचरे को सुरक्षित और प्रभावी तरीके से नष्ट किया जा सके।

## दैवेभो एवं सुरक्षा श्रमिक नहीं मनाएंगे होली

### 5 माह से नहीं मिला वेतन

**भोपाल।** वन विभाग में दैनिक वेतन भोगी एवं सुरक्षा श्रमिकों की होली बेरंग मनेगी, क्योंकि वन विभाग में दैनिक वेतन भोगी एवं सुरक्षा श्रमिकों को पिछले 5 माह से वेतन भुगतान नहीं किया गया। इस कारण दैनिक वेतन भोगी एवं सुरक्षा श्रमिकों के सामने बड़ा आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। मप्र कर्मचारी मंच ने प्रधान मुख्य संरक्षक वन विभाग को पत्र सौंपकर मांग की है कि श्रमिकों का लंबित वेतन तत्काल भुगतान कराया जाए।

मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि सरकार के आदेश है कि दैनिक वेतन भोगी एवं सुरक्षा सैनिकों को माह के 1 तारीख से 5 तारीख के बीच वेतन भुगतान अति आवश्यक रूप से कर दिया जाए। लेकिन वन विभाग में सरकार के आदेश का पालन कभी भी नहीं किया जाता है। इस कारण दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं सुरक्षा श्रमिकों को कभी भी समय पर वेतन भुगतान नहीं किया जाता है, चाहे राष्ट्रीय त्यौहार हो या शादी विवाह हो, अब होली जैसे राष्ट्रीय पर्व भी दैनिक वेतन भोगी एवं सुरक्षा श्रमिक नहीं मना पाएंगे। उनके लिए होली का रंग बेरंग है।

# शराब सिंडीकेट ने टेंडर का किया 'अघोषित' बहिष्कार

## लापरवाही के चलते सहायक आबकारी आयुक्त निलंबित

**भोपाल।** मप्र के वाणिज्य कर विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जबलपुर जिले के सहायक आबकारी आयुक्त रविंद्र मानिकपुरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय आबकारी आयुक्त ग्वालियर रहेगा। जानकारों का कहना है कि शराब सिंडीकेट ने जिस तरह जबलपुर में अघोषित तौर पर टेंडर का बहिष्कार किया है उसका खामियाजा सहायक आबकारी आयुक्त को उठाना पड़ा है। हालांकि विभाग द्वारा सहायक आयुक्त पर सरकारी आदेशों की अव्हेलना करने का आरोप लगाया गया है। उप सचिव मप्र शासन वाणिज्यिक कर विभाग वंदना शर्मा भोपाल के द्वारा जारी किए गए निलंबन आदेश में उल्लेखित है कि रविन्द्र मानिकपुरी, सहायक आबकारी आयुक्त, जिला जबलपुर द्वारा शासकीय कार्यों के निर्वहन में लापरवाही बरत रहे थे और वरिष्ठ अधिकारियों से जारी आदेश की अवहेलना कर रहे थे। इसके साथ ही आदेश में यह भी उल्लेखित है कि जबलपुर जिले में वर्ष 2025-26 के लिए कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एकल समूहों के निष्पादन हेतु जारी आबकारी नीति के क्रियान्वयन एवं निष्पादन की कार्यवाही के प्रति बरती जा रही लापरवाही से शासन के राजस्व पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए उपरोक्त अनियमितताएं गंभीर श्रेणी होकर मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 का स्पष्ट उल्लंघन है और शासकीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासन हीनता के घोतक है।

गौरतलब है कि जबलपुर जिले की शराब दुकानों के लिए पहले चरण की ठेका प्रक्रिया में एक भी आवेदन नहीं आया। अब आबकारी विभाग को दूसरा चरण अपनाना पड़ रहा है। इसमें 29 ग्रुप बनाए गए हैं। असल बात यह सामने आ रही है कि आरक्षित मूल्य में 20 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी ठेकेदार हजम नहीं कर पा रहे। इसलिए उन्होंने मूल्य कम कराने के लिए सिंडीकेट बना लिया है। नए वित्तीय वर्ष के लिए जिले की 143 दुकानों के लिए 939 करोड़ रुपए के राजस्व का लक्ष्य रखा गया है।

### सिंडिकेट ने नहीं होने दिया ठेका

जानकारों का कहना है कि शराब ठेकेदारों का सिंडिकेट सरकार और प्रशासन पर भारी पड़ रहा है। जिसने शराब दुकानों का ठेका नहीं होने दिया। साठगांठ उजागर होने पर सरकार ने सहायक आबकारी आयुक्त (जिला आबकारी अधिकारी) रविंद्र मानिकपुरी को निलंबित कर दिया है। प्रभार सागर के सहायक आयुक्त दीपक अवस्थी को सौंपा गया है। दरअसल, यह सिंडिकेट जबलपुर में दो साल से काम कर रहा था। जिसने मिलीभगत से शराब की ओवर प्राइसिंग कर करोड़ों रुपए कमाए थे। इसका खुलासा होने पर ईओडब्ल्यू ने छापे की कार्रवाई कर अधिक दाम वसूलने पर चार शराब ठेकेदारों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। लेकिन आबकारी विभाग इस पर चुप्पी साधे रहा। शिकायतों पर भी कोई कार्रवाई नहीं की। इसी साठगांठ के चलते शराब ठेकेदारों ने मिलीभगत कर 9 मार्च को पहली नीलामी में शराब दुकानों का ठेका नहीं होने दिया।

# मप्र विधानसभा में कांग्रेस विधायकों का अनोखा प्रदर्शन

## खुद को जंजीरों में जकड़ा और सिर पर रखी कर्ज की पोटली



**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में बजट सत्र के दौरान कांग्रेस विधायकों ने राज्य के बढ़े हुए कर्ज के विरोध में खुद को लोहे की जंजीरों से बांध लिया और बीजेपी सरकार पर जनता पर आर्थिक बोझ डालने का आरोप लगाया।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और पूर्व मंत्री सचिन यादव के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक बजट के प्रतीक काले कपड़े में लिपटी गठरी और तख्तियां लेकर विधानसभा परिसर पहुंचे। उन्होंने राज्य के बढ़े हुए कर्ज को उजागर करने के लिए खुद को जंजीरों में बांध लिया। सिंघार ने कहा कि प्रदेश सरकार की लापरवाही और कर्ज लेने की आदत ने आम जनता को कर्ज की जंजीरों में जकड़ दिया है। हर व्यक्ति पर 55,000 से ज्यादा का कर्ज थोप दिया गया है, और सरकार कर्ज लेकर घी पी रही है। आम आदमी का हाल बेहाल है, वो कर्ज के बोझ तले दबकर रह गया है, लेकिन सरकार को कोई परवाह नहीं है। आम जनता पर पड़ने वाले बोझ के विरोध में कांग्रेस विधायक दल के साथ कर्ज की पोटली और जंजीरों को पहनकर विधानसभा परिसर में सांकेतिक प्रदर्शन किया।

## गर्म हवाओं ने दिखाए तीखे तेवर, सूरज की तपिश से बढ़ा पारा

### 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचा पारा

**भोपाल।** मप्र के मौसम का मिजाज तेजी से गर्म हो रहा है। खासतौर पर गुजरात से लगे इलाकों में तो भीषण गर्मी पड़ना शुरू हो गई। मार्च महीने में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। मध्य प्रदेश में लगातार आ रही गर्म हवाओं के कारण अधिकांश जिलों में गर्मी के तेवर तीखे होने लगे हैं। प्रदेश में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। गर्मी का असर प्रदेश के कई शहरों में गर्मी का असर देखा गया। भोपाल, इंदौर और उज्जैन संभाग सबसे ज्यादा गर्म रहे। जबकि नर्मदापुरम-जबलपुर संभाग में भी पारा बढ़ गया। मौसम का इस तरह का मिजाज अभी दो-तीन दिन तक बना रह सकता है।

मौसम विभाग के मुताबिक इंदौर संभाग का धार शहर सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 39.1 डिग्री रहा। वहीं, नर्मदापुरम में तापमान 39 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह रतलाम में 38.5 डिग्री, खजुराहो में 38.4 डिग्री, गुना में 38.1 डिग्री, दमोह में 37.5 डिग्री, मंडला, शिवपुरी-सिवनी में 37.2 डिग्री और सागर में पारा 37.1 डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि, रात में पारे में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। बड़े शहरों में ग्वालियर-उज्जैन सबसे गर्म हैं। यहां तापमान 37.5 डिग्री दर्ज किया गया। इंदौर में 37.3 डिग्री और भोपाल में 37.1 डिग्री रहा। जबलपुर में 35.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

# सरकारी महकमों में बढ़ रहा संविदा कल्चर, मप्र में कम हो रहे नियमित कर्मचारी

**भोपाल।** मप्र में पिछले डेढ़ दशक के दौरान सरकारी महकमें में बढ़ते संविदा कल्चर, नियमित भर्तियां नहीं होने और रिटायरमेंट के कारण प्रदेश में नियमित कर्मचारियों की संख्या सीमित होती जा रही है। इसका असर यह देखने को मिल रहा है कि कई विभागों में नियमित कर्मचारियों की संख्या तेजी से कम हो गई है।

प्रदेश के आर्थिक सांख्यकी संचालनालय द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रदेश में नियमित कर्मचारियों की संख्या 6 लाख से अधिक है। इनमें प्रथम श्रेणी के 8 हजार 286, द्वितीय श्रेणी के 40 हजार 20, तृतीय श्रेणी के 5 लाख 48 और चतुर्थ श्रेणी के 58 हजार 522 कर्मचारी कार्यरत हैं। इन छह लाख अधिकारी-कर्मचारियों में 4 लाख 29 हजार 750 पुरुष और लाख 77 हजार 126 महिला कर्मचारी है। नियमित कर्मचारियों के अलावा सवा लाख के करीब संविदा कर्मचारी और 50 हजार से अधिक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी विभिन्न विभागों में कार्यरत हैं। प्रदेश में कार्यरत कुल कर्मचारियों में से ग्यारह प्रतिशत भौपाल और इंदौर में कार्यरत है। भोपाल में 40 हजार 101 कर्मचारी है, यह कुल कर्मचारियों का 6.67 प्रतिशत है, वही इंदौर में 4. 64 प्रतिशत कर्मचारी कार्यरत है। इसके बाद तीसरी स्थान पर ग्वालियर में 21 हजार 750 और चार में 20 हजार 429 कर्मचारी कार्यरत है। वहीं प्रदेश की कुल कर्मचारियों में 29 फीसदी महिला कर्मचारी कार्यरत है।

### 61 फीसदी से अधिक कर्मचारी तीन विभागों में

गौरतलब है कि प्रदेश के सरकारी महकमों में इस समय कुल 6 लाख 6 हजार 876 अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें 61 फीसदी से अधिक कर्मचारी सिर्फ गृह, स्कूल शिक्षा और अनुसुचित जनजाति कल्याण विभाग में कार्यरत हैं। वहीं भर्ती प्रक्रिया धीमी होने के कारण पिछले बार सालों में अधिकारी कर्मचारियों का आंकड़ा भी ज्यादा नहीं बढ़ा है। चार सालों में सिर्फ 50 हजार अधिकारी-कर्मचारी बढ़ पाए हैं। इनकी तुलना में निगम-मंडलों, स्थानीय निकायों और विकास प्राधिकरणों में कर्मचारियों की संख्या लगातार कम हो रही है। प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षकों को मिलाकर सर्वाधिक कर्मचारी है। स्कूल शिक्षा विभाग में 2 लाख 25 हजार 608 और गृह विभाग में 93 हजार 634 कर्मचारी कार्यरत हैं। तीसरे स्थान पर अनुसूचित जाति कल्याण विभाग है जिसमें 53 हजार 964 कर्मचारी कार्यरत है। वही लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में 48 हजार 319, राजस्व विभाग में 28 हजार 229, जनजातीय कार्यविभाग में 19 हजार 204, वन विभाग में 18 हजार 597, विधि एवं विधायी कार्य विभाग में 17 हजार 708 कर्मचारी कार्यरत है। इसके अलावा प्रदेश में 1 लाख 24 हजार 370 संविदा कर्मचारी, 64 हजार 834 दैनिक वेतन भोगी, 33 हजार 798 कोटवार और 14 हजार 772 कार्यभारित कर्मचारी काम कर रहे हैं।

### निकायों में लगातार घट रही कर्मियों की संख्या

भतिया न होने से प्रदेश के सार्वजनिक उपक्रमी और निकायों में कर्मचारियों की संख्या लगातार घट रही है। प्रदेश के सार्वजनिक उपक्रम और अर्थशासकीय संस्थानों में 2020 में जहां 47 हजार 28 कर्मचारी कार्यरत थे वही 2024 में यह संख्या घटकर 33 हजार 942 रह गई। इसी तरह नगरीय स्थानीय निकायों में चार साल पहले तक 34 हजार 957 कर्मचारी थे, 2024 में यह संख्या 29 हजार 966 रह गई। ग्रामीण निकायों में 5 हजार 422. विकास प्राधिकरणों में 582, विश्वविद्यालयों में 4 हजार 490 कर्मचारी कार्यरत है। रिपोर्ट में बताया गया है कि सार्वजनिक निकायों एवं अर्धशासकीय संस्थाओं में कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ नहीं मिल रहा है। वही प्रदेश के 30 उपक्रमों में 28 हजार 950 अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत है, वहीं अन्य श्रमिकों की संख्या सात हजार 640 है।

### उम्रदराज हो रहे अधिकारी, कर्मचारी

प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्यरत छह लाख से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों में एक लाख से अधिक ऐसे हैं जो 56 साल की उम्र पार कर चुके हैं। प्रदेश में 56 साल की उम्र पार कर चुके कर्मचारियों की संख्या 75 हजार 27 है तो 27 हजार 921 अधिकारी-कर्मचारी ऐसे है जो 60 साल की उम्र पार कर चुके हैं। प्रदेश में सबसे ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी 46 से 50 वर्ग की आयु के है। इनकी संख्या 93 हजार 116 है। वहीं 41 से 45 वर्ष आयु के 90 हजार 408 और 36 से 40 वर्ग आयु समूह के 87 हजार 795 कर्मचारी है।

## संपादकीय

# अमेरिका के शेयर बाजार में हड़कंप, 16 साल बाद अमेरिका से सस्ता भारतीय बाजार

दुनिया के देशों में आर्थिक मंदी का तूफान शुरू हो गया है। आने वाले कुछ ही महीनों में यह तीव्र गति से आगे बढ़ेगा। अमेरिकी शेयर बाजार में भारी गिरावट का दौर शुरू हो गया है। नैस्डेक कंपोजिट 4.25 फ़ीसदी, डाउ जॉन्स 1.83 फ़ीसदी, एसडीपी 500 2.75 फ़ीसदी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। टेस्ला के शेयर 13.75 फ़ीसदी गिर गए हैं। एनवीडीया के 5.5 फ़ीसदी, एप्पल के 5.78 फ़ीसदी, गूगल के 5.18 फ़ीसदी, मेटा के 5.58 फ़ीसदी तथा गोल्डमैन सैश के 5.97 फ़ीसदी गिरावट के साथ शेयर बाजार में कारोबार हुआ है। अमेरिका के लिस्टेड शेयरों में काफी बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हतप्रभ हैं। उन्हें समझ ही नहीं आ रहा है, शेयर बाजार की इस गिरावट को लेकर वह क्या बोलें। इसी तरह से भारतीय शेयर बाजार में पिछले 6 माह से लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। भारतीय शेयर बाजार 19 साल बाद अमेरिकी शेयर बाजार से सस्ते हो गए हैं। 2009 के वैल्यूएशन के अनुसार पहली बार डाउ जॉन्स इंडस्ट्रियल का एवरेज भारतीय शेयर बाजार पिछले 1 साल में 21.8 गुना कारोबार कर रहा है। जबकि डाउ जॉन्स 22.4 गुना कारोबार कर रहा है। भारतीय शेयर बाजार को थामने के लिए सरकार और वित्तीय संस्थाओं द्वारा पिछले कुछ समय पहले जो प्रयास किए गए थे। वह सब शेयर बाजार की गिरावट मे पूंजी डालने के कारण जिस तरह कीचड़ में पानी डालने से कीचड़ बढ़ता है। शेयर बाजार में पूंजी डालने के कारण जो पैसा शेयर बाजार में डाला गया, वह भी बिकवाली के कारण बाजार से निकल गया। विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार से लगातार बिकवाली कर रहे हैं। अक्टूबर 2024 के बाद से विदेशी निवेशकों ने भारत में फाइनेंशियल सर्विसेज, आयल ऐंड गैस, ऑटोमोबाइल, एमएफजी, कंज्यूमर सर्विसेज, कंस्ट्रक्शन और पावर सेक्टर में लगातार बिकवाली की है। विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर 2024 के बाद से अभी तक 2 लाख करोड़ से ज्यादा की बिकवाली की है। भारतीय शेयर बाजार में लार्ज मिडकैप और स्मॉलकैप के शेयरों की बड़े पैमाने पर बिकवाली शुरू हो गई है। देसी निवेशक भी शेयर बाजार से भयभीत हैं। वह भी अपने शेयर बेचकर बाहर निकलना चाहते हैं। स्मॉल कैप और मिड कैप के शेयर अपनी फेस वैल्यू पर पहुंच रहे हैं। जिसके कारण देसी निवेशकों का हौसला पूरी तरह से टूट गया है। अमेरिका से शुरू हुए टैरिफ बार ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को तहश-नहश करने का काम किया है। आर्थिक मंदी के इस दौर में अमेरिका ने जो टैरिफ़ बार शुरू किया है, उसका खामियाजा अब अमेरिका को भी भुगतना पड़ रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार एलन मस्क को ऐसा खामियाजा भुगतना पड़ेगा, इसका एहसास तो उन्हें भी नहीं रहा होगा। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार सारी दुनिया के देश इस समय कर्ज की समस्या से जूझ रहे हैं। कर्ज के कारण दुनिया भर के आम आदमी से लेकर दुनिया की सभी सरकारें कर्ज और ब्याज से परेशान हैं। आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया की तर्ज पर, पिछले 30 सालों से कर्जा लेकर घी पीने की पूंजीवादी अर्थव्यवस्था समाप्त होने की कगार पर है। दुनिया के देशों में महंगाई-बेरोजगारी की समस्या दिनों-दिन बढ़ती ही चली जा रही है। जिसके कारण सरकारों के खिलाफ आम जनता नाराज होकर सड़कों पर आने लगी है। निम्न एवं मध्यम वर्ग के पास खर्च करने के लिए पैसा नहीं है, जिसके कारण औद्योगिक उत्पादन भी घटता चला जा रहा है। दुनिया भर की सरकारों ने पिछले 30 सालों में बहुत टैक्स बढ़ाया है। पिछले 30 वर्षों में सरकारों ने अपने खर्च भी बढ़ाए थे। अब कर्ज नहीं मिल रहा है। ब्याज के बोझ से दबकर खर्च करने लायक पैसे भी नहीं बचे हैं। अमेरिकी सरकार को भी अपने कर्ज और खर्च घटाने के लिए जो प्रयास करने पड़ रहे हैं, इसका असर अमेरिका पर पड़ रहा है। इसकी शुरुआत में ही बड़ा खामियाजा अमेरिका को भुगतना पड़ रहा है। आसानी से समझा जा सकता है, कि आने वाले कुछ महीनो के अंदर ही पूरी दुनिया के देश, आर्थिक मंदी के शिकार होने जा रहे हैं। वैश्विक व्यापार संधि के कारण पिछले 30 वर्षों में सारी दुनिया के देशों में अर्थ व्यवस्था, पूंजीपतियों के हाथों में पहुंच गई थी। सारी दुनिया के देशों में कुछ ही लोगों के पास पूंजी एकत्रित होकर रह गई है। मध्यम और निम्न वर्ग के पास खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं। भारत जैसे देश में आर्थिक मंदी के कारण भारतीय बैंकों तथा भारतीय जीवन निगम जैसी संस्थाओं के लिए बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। ऐसी स्थिति में एक बार फिर समाजवादी व्यवस्था की ओर सारी दुनिया के देशों को ध्यान केंद्रित करना होगा। तभी इस समस्या से निजात मिल सकती है। वैश्विक व्यापार संधि जो अभी पूंजीपतियों का एकाधिकार कायम करती है, इसमें बदलाव करने की जरूरत है। पूंजीवाद के साथ-साथ समाज के मध्यम और कमजोर वर्गों को भी साथ लेकर चलने की नीतियां बनानी होंगी। आम जनता पर टैक्स कम करना होगा। रोजगार और महंगाई जैसे विषय पर भी ध्यान देने की जरूरत है। वैश्विक व्यापार संधि पूंजीवादी व्यवस्था अब समाप्ति की ओर है।

– सनत जैन

# यूक्रेन के लिए अमेरिकी समर्थन का भविष्य ?


डॉ. सत्यवान सौरभ

यूक्रेन के लिए अमेरिकी समर्थन का दृष्टिकोण वर्तमान में अस्पष्ट है, जो राजनीतिक कारकों, सैन्य आवश्यकताओं और वैश्विक सम्बंधों द्वारा आकार लेता है। यूक्रेन को अमेरिकी सहायता का स्तर राजनीतिक परिदृश्य, यूक्रेन में चल रही सैन्य स्थिति और अंतर्राष्ट्रीय सहयोगियों के साथ सहयोग पर निर्भर करेगा। जैसे-जैसे अमेरिका और दुनिया भर में परिस्थितियाँ बदलती हैं, यूक्रेन के लिए समर्थन का प्रकार और मात्रा भी बदलती रहेगी।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में यूक्रेन के लिए अमेरिकी समर्थन में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिले हैं। हाल ही में, यूक्रेन के साथ सैन्य सहायता और खुफिया जानकारी साझा करना रोक दिया गया है, क्योंकि अमेरिका कीव को रूस के साथ शांति वार्ता में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना चाहता है। इस बदलाव ने यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं के बारे में चिंताएँ पैदा कर दी हैं, विशेष रूप से यू.एस. निर्मित पैट्रियट मिसाइल प्रणालियों की उपलब्धता के बारे में, जो कीव जैसे शहरों को रूसी हमलों से बचाने के लिए महत्त्वपूर्ण रही हैं। यूरोपीय सहयोगियों के पास इन प्रणालियों का कोई प्रत्यक्ष विकल्प नहीं है, जिससे यूक्रेन जोखिम में पड़ सकता है। इस बीच, राष्ट्रपति ट्रम्प रूस पर नए प्रतिबंधों और टैरिफ़ पर विचार कर रहे हैं ताकि मास्को को शत्रुता समाप्त करने के लिए मजबूर किया जा सके। यह रणनीति प्रत्यक्ष सैन्य समर्थन से आर्थिक रणनीति में परिवर्तन को चिह्नित करती है। इन परिवर्तनों ने यू.एस.-यूक्रेन सम्बंधों पर दबाव डाला है और यूरोपीय सहयोगियों के साथ तनाव पैदा किया है, जो यूक्रेन का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उन्होंने पर्याप्त सैन्य ख़र्च पहल की घोषणा की है।

अलग-अलग दृष्टिकोणों ने यूक्रेन की स्थिति के बारे में यू.एस और यूरोप के बीच बढ़ते विभाजन को जन्म दिया है। कुल मिलाकर, यूक्रेन के लिए यू.एस. समर्थन का भविष्य प्रत्यक्ष सैन्य सहायता से हटकर आर्थिक और कूटनीतिक रणनीतियों की ओर बढ़ रहा है, जो वर्तमान में विदेश नीति के व्यापक पुनर्मूल्यांकन का संकेत देता है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने फरवरी 2022 में रूस द्वारा पूर्ण रूप से आक्रमण शुरू करने के बाद से यूक्रेन को सैन्य और वित्तीय सहायता के साथ महत्त्वपूर्ण रूप से सहायता की है। विभिन्न सहायता पैकेजों के माध्यम से अधिकृत कुल निधि लगभग 175 बिलियन डॉलर तक पहुँच गई है, जिसमें सैन्य सहायता के लिए काफ़ी राशि आवंटित की गई है। हालांकि, हाल के बदलावों से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तहत अमेरिकी नीति में संभावित बदलाव का संकेत मिलता है, जिन्होंने रूस के साथ शांति वार्ता को प्रोत्साहित करने के प्रयास में यूक्रेन के साथ सभी सैन्य सहायता और खुफिया जानकारी साझा करना बंद कर दिया है। यूक्रेन की सैन्य स्थिति नाजुक बनी हुई है। चल रही सैन्य सहायता महत्त्वपूर्ण है; विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि इसके बिना, यूक्रेन को युद्ध के मैदान में बड़ा नुक़सान हो सकता है। अमेरिका उन्नत हथियारों और खुफिया जानकारी का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत रहा है जिसने यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को मज़बूत किया है। यदि अमेरिकी सहायता कम हो जाती है या पूरी तरह से बंद हो जाती है, तो विशेषज्ञों का मानना है कि इससे रूस की बड़ी ताकतों के खिलाफ अपनी रक्षा बनाए रखने की यूक्रेन की क्षमता में गंभीर बाधा आएगी। दूसरी ओर, यदि सहायता वर्तमान या बढ़े हुए स्तरों पर जारी रहती है, तो यह समय के साथ यूक्रेन की क्षमताओं को महत्त्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकती है।

2022 में रूस के आक्रमण के बाद से भू-राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित करने में अमेरिका और यूक्रेन के बीच सम्बंध महत्त्वपूर्ण रहे हैं। 2024 तक, अमेरिका ने यूक्रेन को 119 बिलियन डॉलर से अधिक की सहायता प्रदान की थी, लेकिन हाल के राजनीतिक परिवर्तनों और बजट सीमाओं ने इस सहायता के भविष्य पर संदेह पैदा कर दिया है। इस अनिश्चितता का यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं और समग्र क्षेत्रीय स्थिरता पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। अमेरिका और यूक्रेन के नेताओं के बीच हाल ही में हुए आदान-प्रदान के दौरान तनाव को उजागर किया गया, जिससे अमेरिकी सैन्य और राजनयिक समर्थन की निरंतरता के बारे में चिंताएँ बढ़ गईं। नियोजित राजनयिक दोपहर के भोजन को अचानक रद्द करना सद्भावना की कमी का संकेत देता है, जिससे कीव और यूरोपीय नेताओं में चिंता पैदा हो गई है। इसके अतिरिक्त, कई रिपब्लिकन राजनेताओं ने अमेरिकी सरकार की वर्तमान स्थिति का समर्थन किया है। अमेरिकी सैन्य सहायता में कमी रूस को यूक्रेन में अपनी कार्रवाइयों को तेज करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है, जिसके परिणामस्वरूप सत्ता शून्यता का लाभ उठाया जा सकता है।

# ना-रंगी जमात की औरंगी सियासत


राकेश अचल

सियासत का कोई एक रंग होता तो उसे आसानी से पहचाना जा सकता था,लेकिन मुल्क की सियासत तो बहुरंगी है। इन तमाम रंगों के बीच एक रंग ऐसा है जो नारंगी होकर भी ना-रंगी है। इस ना-रंगी सियासत की जमात अलग है। फर्जी की तरह टेढ़ी-टेढ़ी चलती है ,जैसे प्यादे से फर्जी होकर फर्जी चलता है। मेरा ख्याल है कि अब आप समझ गए होंगे कि मैं किस सियासत की और किस जमात की बात कर रहा हूँ ?

दरअसल मुल्क में ना-रंगी सयासत ने नैतिकता की तमाम हदों को पार कर लिया है और अब नारंगी सियासत मुल्क में औरंगी सियासत पर उतर आयी है। औरंगी यानी औरंगजेबी सियासत। अब नारंगी सियासत चाहती है कि इस मुल्क के इतिहास से न सिर्फ औरंगजेब को बल्कि इस मुल्क की धरती पर बनी औरनग्जेब की कब्र को भी तखलिया कह दिया जाये,ताकि न रहे बांस और न बजे बांसुरी। नारंगी सियासत को लगता है कि जब तक इस मुल्क की जमीन पर औरंगजेब का नाम लेने वाली किताबें और लोग रहेंगे तब तक इस देश में नारंगियों की सियासत कामयाब नहीं हो सकती।

नारंगी सियासत देश की अर्थव्यवस्थाकी दयनीय हालत,किसानों के आंदोलन ,कुपोषण,गरीबी से परेशान नहीं है। उसे परेशानी नहीं है दुनिया के आधुनिक औरंगजेबों से जो मुल्क कि अस्मिता और समरभूता कि धज्जियां उदा रहे हैं। उसे परेशान किये हुए है चैन से दो गज जमीन के नीचे 300 साल से सोया हुआ औरंगजेब। वो औरंगजेब जो इसी मुल्क की सरजमीं पर पैदा हुआ और इसी मुल्क की सरजमीं में सुपुर्दे ख़ाक कर दिया गया। तीन सौ साल पहले चूंकि इस मुल्क में कोई नारंगी सियासत करने वाला नहीं था इसलिए औरंगजेब को दो गज जमीन भी मिल गयी वरना यदि औरंगजेब आज मरता तो उसे दफन होने के लिए बहादुर शाह जफर की तरह रंगून या एमएफ हुसैन की तरह कुवैत ले जाना पड़ता। क्योंकि नारंगी सियासत में औरंगी सियासत के लिए कोई जमीं नहीं है ।

ताजा खबर ये है कि ना-रंगी बिर्गेड मुगल सम्राट रहे औरंगजेब की कब्र तक खोद कर फेंक देना चाहती है। नारंगी ब्रिगेड की मांग पर महाराष्ट्र की महान सरकार कानूनी रास्ते भी खोजने में लग गयी है। औरंगजेब की कब्र पुराने औरंगाबाद में है, जिसे नारंगी ब्रिगेड ने बदलकर छत्रपति संभाजी नगर कर दिया है। अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने भी इस मामले पर बयान दिया है। फडणवीस ने कहा है कि सभी का मानना ?है कि छत्रपति संभाजीनगर में स्थित औरंगजेब की मजार को हटाया जाना चाहिए, लेकिन यह काम कानून के दायरे में किया जाना चाहिए।महाराष्ट्र की सतारा सीट से भाजपा के सांसद और मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज उदयनराजे भोसले ने छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित औरंगजेब के मजार को हटाने की मांग की थी।उदयनराजे से पहले उनके तमाम पुरखों के दिमाग में ये हल्का ख्याल कभी नहीं आया। वे बीती ताहि बिसार दे के सिद्धांत पर अमल करते रहे। इस शानदार मुल्क में नारंगी ब्रिगेड लम्बे इन्तजार के बाद सत्ता में आयी है। उसके दोनों और बैशाखियाँ लगीं हैं, लंगड़ाकर चलती है लेकिन अपनी हरकतों से बाज नहीं आना चाहती नारंगी ब्रिगेड। मुल्क के अमनो-अमान से उसे शायद चिढ है। नारंगी ब्रिगेड का ख्वाब तो इस मुल्क से 20 करोड़ मुसलमानों को देश निकला देने का है लेकिन वो ऐसा दस साल में नहीं कर पायी ,इसीलिए शायद अब औरंगजेब की कब्र हटाकर वो अपने ख्वाब में सांकेतिक रंग भरना चाहती है। यानि आप समझ सकते हैं कि घृणा मरकर भी नहीं मरती । तीन सौ साल बाद भी नहीं मरती घृणा अमर है अजर है। इसी घृणा के सहारे आजकल मुल्क की नारंगी सियासत चल रही है।

## सुविचार

शरीर को रोगी और निर्बल रखने के सामान दूसरा कोई पाप नहीं है।
– लोकमान्य तिलक

स्वयं कर्म, जब तक मुझे यह भरोसा होता है कि यह सही कर्म है, मुझे संतुष्टि देता है।
– जवाहरलाल नेहरु

## प्रसंग

# सेवा की भावना

जर्मनी का महान समाजसेवी ओबरलीन एक बार अपनी यात्रा के त दौरान मुसीबतों से घिर गया। तेज आंधी-तूफान और ओलों ने उसे बुरी तरह परेशान कर दिया। वह मदद के लिए चिल्लाता रहा, लेकिन सबको अपनी जान बचाने की पड़ी थी, सो उसकी पुकार कौन सुनता ? वह बेहोशी की हालत में नीचे गिर पड़ा। कुछ देर बाद उसे अहसास हुआ कि किसी व्यक्ति ने उसे थामा हुआ है और उसे सुरक्षित जगह पर ले जाने की कोशिश कर रहा है। होश में आने पर ओबरलीन ने देखा कि एक गरीब किसान उसकी सेवा में जुटा हुआ है। ओबरलीन ने किसान से कहा कि वह उसकी सेवा करने के एवज में उसे इनाम देगा। फिर उसने किसान से उसका नाम जानना चाहा। यह सुनकर किसान मुस्कराया और बोला, मित्र! बताओ, बाइबिल में कहीं किसी परोपकारी का नाम लिखा है। नहीं न। तो फिर मुझे भी अनाम ही रहने दो। आप भी तो निःस्वार्थ सेवा में विश्वास रखते हो। फिर मुझे इनाम का लालच क्यों दे रहे हो? वैसे भी पुरस्कार का लालच किसी को भी निःस्वार्थ सेवा करने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। सेवा की भावना तो हमारे अंदर से उत्पन्न होती है। इसे न ही पैदा किया जा सकता है और न ही मिटाया जा सकता है। ओबरलीन उस निर्धन किसान की बातें सुनकर दंग रह गया। वह मन ही मन सोचने लगा कि आज उसे इस किसान ने एक पाठ पढ़ाया है। सेवा जैसा भाव तो अनमोल है। उसकी कोई कीमत नहीं लगाई जा सकती और सेवा के लिए कोई भी पुरस्कार अधूरा है। यह किसान कितना महान है जो बिना किसी स्वार्थ के परोपकार करने में विश्वास करता है। आज कितने ऐसे लोग हैं जो इस निर्धन किसान की परोपकार की भावना का मुकाबला कर सकते हैं।

## जरा हटके

# चोर घर में आराम से समय बिताने के लिए चुराता था चाभियां



**टोक्यो (ईएमएस)।** जापान की राजधानी टोक्यो के रहने वाले 34 वर्षीय रयोता मियाहारा ने एक बेहद अनोखा अपराध किया। वह लोगों के घरों की चाभियों की डिटेल्स चुराकर ऑनलाइन उनकी डुप्लीकेट चाभी मंगा लेता था। इसके बाद, जब भी उसे मन करता, वह उन घरों में चुपके से घुस जाता, लेकिन चोरी करने के बजाय वहां आराम से समय बिताता था। मियाहारा ने ऐसा ही अपने साथ काम करने वाली एक महिला कर्मचारी के घर के साथ किया। उसने चुपके से उसके पर्स से चाभी की डिटेल्स निकाल लीं और उसकी डुप्लीकेट चाभी बनवा ली। इसके बाद वह 2 महीनों में कुल 10 बार उसके घर में घुसा और उसे इस बात की भनक तक नहीं लगी।

नए साल की रात को जब लड़की घर से बाहर थी, तो मियाहारा फिर से उसके घर में घुस गया। इस बार उसने देखा कि लड़की का सूटकेस नहीं है, तो उसे लगा कि वह बाहर गई होगी। मौके का फायदा उठाकर वह घर के सोफे पर बैठ गया और ढाई घंटे तक आराम से टीवी देखता रहा। इसी बीच पुलिस ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया, तो उसने एक बिल्कुल अनोखी वजह बताई। उसने कहा कि उसे लड़की का घर बहुत साफ-सुथरा और सुकून भरा लगता था, जहां वह आराम से सांस ले सकता था। यही वजह थी कि वह बार-बार वहां जाता था। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से 15-20 चाभियां बरामद हुईं, जो अलग-अलग घरों, दुकानों और दफ्तरों की थीं।

वह इसी तरह से नई-नई चाभियों की तलाश करता था और लोगों के घरों में घुसकर वहां समय बिताता था। इस घटना ने जापान में सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि वहां ऑनलाइन डुप्लीकेट चाभियां आसानी से उपलब्ध हैं। पुलिस अब इस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## फोटो ऑफ द डे



मैक्सिको के सेंटो डोमिनिगो में ड्रोन के जरिये एक बस हादसे की ली गयी तस्वीर। (फोटो-ईएमएस)

## राज काज

# विश्व गुरु कौन भारत या अमेरिका ?

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्व गुरु का दर्जा देकर अपने आप को विश्व गुरु मान लिया था। विश्व गुरु के रूप में भारत के साथ-साथ विदेश में अप्रवासी भारतीयों के बीच में मोदी को विश्व गुरु बताया जा रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने विदेश के दौर में अमेरिका के राष्ट्रपति की तरह ही व्यवहार करने लगे थे। ट्रंप जैसे ही अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बने। उसके बाद डोनाल्ड ट्रंप अपने आपको और अमेरिका को विश्व गुरु की पहचान बनाए रखना चाहते हैं। डोनाल्ड ट्रंप और उनके परम मित्र नरेंद्र मोदी की, विश्व गुरु की इस लड़ाई में भारत को सुंयोजित रूप से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपमानित कर रहे हैं। चाह कर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। जिसके कारण मोदी अपमानित हो रहे हैं। मजबूरी में चुप्पी साध कर समय का इंतजार कर रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप दूसरी बार राष्ट्रपति बनेंगे, इसका अंदाजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नहीं था। लेकिन अब क्या किया जा सकता है।

# मोदी का वादा, योजना लॉन्च की नड्डा ने रेखा गुप्ता का खाली खज़ाना

दिल्ली के राजनीतिक हलकों में कहा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली की महिलाओं को ढाई हजार रुपए महीना देने का वादा किया था। मोदी ने कहा था, 8 मार्च को महिलाओं के बैंक खाते में पैसे आना शुरू हो जाएंगे। इसके बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महिला समृद्धि योजना लॉन्च की। रेखा गुप्ता बीजेपी की मुख्यमंत्री बन गई हैं। पहली कैबिनेट मीटिंग हो गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को प्रधानमंत्री का वादा याद नहीं रहा। अब कहा जा रहा है,एक सुनियोजित रणनीति के तहत प्रधानमंत्री मोदी ने वादा किया था। जेपी नड्डा ने योजना को लांच किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने खाली खजाने का डिंडोरा पीटकर महिला समृद्धि योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। दिल्ली की महिलाएं समझ नहीं पा रही हैं। उनके साथ यह धोखा किस तरह से हो गया। क्या प्रधानमंत्री के वादे पर ऐतबार करना उनकी बेवकूफी थी। ढाई हजार रुपए तो मिले नहीं। महिलाओं को जो फ्री बस सेवा मिल रही थी। वह भी बंद होने जा रही है।

## व्यंग्य

# धूप का चश्मा

-संतोष खरे

मैं धूप के चश्मे के आविष्कारक का नाम तो नहीं जानता, पर उस महान व्यक्ति का हृदय से आभारी हूँ, जिसने गॉगल जैसी अद्भुत वस्तु बनाकर मुझे वे तमाम सुविधाएँ प्रदान कर दी हैं जो उसके अभाव में मैं प्राप्त न कर पाता।

अब देखिए न कि आदमी के मन में झाँकने का एकमात्र माध्यम उसकी आँखों में तैरनेवाले भाव ही तो हैं। आँखों से प्रेम, घृणा और क्रोध व्यक्त किया जा सकता है। नज़रें चार होती हैं तो प्रेम तक हो जाता है। प्राचीन कवियों के नायक-नायिका भरे भवन में आँखों-ही-आँखों में सभी बातें कर लेते थे। कहा जाता है कि यदि साहसी शिकारी बिना पलक झपकाए शेर की आँखों से अपनी आँखें मिलाए रहता है तो शेर को हमला करने का साहस नहीं होता। झूठ बोलनेवाले की आँखों में गहराई से देखा जाए तो उसका झूठ पकड़ में आ जाता है, पर मैं धूप का चश्मा पहनकर बड़ी आसानी से अपनी आँखों के भावों को छुपा लेता हूँ। मेरी बातें सुनते हुए सामनेवाला समझता है कि मैं जो कुछ कह रहा हूँ वही मेरे मन की बात है, पर मेरी आँखों पर चश्मा चढ़ा होने के कारण वह आँखों से सच्चाई का पता नहीं लगा पाता।

सामनेवाला समझता है कि मैं उसे देख रहा हूँ, जबकि मैं उसे नहीं देखता, बल्कि उसकी ओर देख रहा होता हूँ जो यह समझता है कि मैं उसे नहीं देख रहा। जो धूप का चश्मा लगाते हैं वे जानते हैं कि चश्मा लगाने से चेहरे पर गरिमा तो आती ही है। साथ ही यदि काफ़ी बड़े फ्रेम वाले चश्मे हुए तो चेहरे का नक्शा भी बदला दिखाई देता है। अच्छे सूट के साथ अगर गॉगल न हो तो चेहरे पर वह 'इंप्रेशन' आ ही नहीं सकता जो चश्मा पहनने पर आ जाता है। साड़ी हो या स्कर्ट, बैल बॉटम हो या ढीली कमीज़, पैंट हो या गरारा, गॉगल सबके साथ लोकप्रिय है, इसकी लोकप्रियता का अनुमान तो इसी बात से लगता है कि फ़िल्म के अधिकांश अभिनेता या अभिनेत्रियों ने फ़िल्मों में गॉगल्स पहने हैं।

चश्मा आदमी के व्यक्तित्व के साथ इस सीमा तक जुड़ गया है उसके जीवन में ऐसे मौके कम ही हैं, जब वह धूप का चश्मा न पहनता हो। सड़क पर, बाज़ार में, बसों, ट्रेनों, हवाई जहाज़ों में, दफ़्तर और पार्कों में लोग हर जगह धूप का चश्मा लगाते हैं, यह भी ज़रूरी नहीं है कि केवल धूप में ही धूप का चश्मा लगाया जाए। रात में भी कुछ लोग इसे लगाए रहते हैं। हर मौसम में इसका उपयोग होता है। यानि धूप का चश्मा समय, स्थान और काल आदि से परे की हर उम्र और सेक्स के लोगों की एक प्रिय वस्तु है। आँखों के दोषों को सिर्फ़ धूप का चश्मा छुपाता है या धूप का चश्मा आँखों में पड़नेवाले धूल या धुएँ से आँखों की रक्षा करता है। इस तरह की बातें यदि मैं लिखूँगा तो आप कहेंगे कि मैं चश्मे की विज्ञापन करने लगा। पर यह तो कहना ही चाहूँगा कि आप बस, ट्रेन या मीटिंग में धूप का चश्मा लगाए मज़े से सोते रहिए और साथ के लोग समझेंगे कि आप जाग रहे हैं। आप आराम के साथ किसी महिला को घूरते रहिए, कोई कुछ नहीं कहेगा। यह कहने की भी आवश्यकता नहीं कि धूप के चश्मों के कारोबार में हज़ारों लोग लगे हैं और गॉगल्स की दुकानों ने बाज़ार की शोभा बढ़ाई है, पर यह ज़रूर कहूँगा कि चश्मा एक ऐसी अनिवार्य वस्तु बन चुका है कि जो एक बार लगाता है वह सदैव लगाता है।

## चिंतन-मनन

# इसलिए सबसे छोटा है कलियुग

शास्त्रों में सृष्टि के आरंभ से प्रलय काल तक की अवधि को चार युगों में बांटा गया है। वर्तमान में हम जिस युग में जी रहे हैं उसे कलयुग कहा गया है। इससे पहले तीन युग बीत चुके हैं सतयुग, त्रेता और द्वापर। भगवान श्री राम का जन्म त्रेतायुग में हुआ था और द्वापर में भगवान श्री कृष्ण का। कलियुग के अंत में भगवान कलकि अवतार लेंगे और संसार में फैले पाप और अन्याय के साम्राज्य का अंत करके पुन- धर्म की स्थापना करेंगे।

भगवान ने चारों युगों में सबसे कम उम्र कलियुग को प्रदान किया है। शास्त्रों में सतयुग की अवधि 17 लाख 28 हजार वर्ष बतायी गयी है और त्रेता की अवधि 12 लाख 28 हजार। द्वापर युग की अवधि 8 लाख 64 हजार है जो त्रेता से लगभग 4 लाख वर्ष कम है। कलियुग की अवधि द्वापर से ठीक आधी, यानी 4 लाख 32 हजार है। सतयुग से कलयुग तक सभी युगों की अवधि छोटी होती गयी है। इसका कारण यह है कि, भगवान बताना चाहते हैं, जो जितना पापी होगा उसकी उम्र उतनी कम होगी। भविष्य पुराण सहित कई शास्त्रों एवं पुराणों में बताया गया है कि कलियुग में पाप की पराकाष्ठा होगी। मनुष्य का व्यवहार सृष्टि के नियम के विरूद्ध होता जाएगा। हिंसा में मनुष्य पशुओं को भी पीछे छोड़ देगा। पशु तो सिर्फ अपनी भूख मिटाने के लिए दूसरे पशु को मारते हैं मनुष्य अकारण ही दूसरे मनुष्य को मारेगा।

## रोचक

# हल्की-फुल्की शारीरिक गतिविधियों को भी सेहत के लिए लाभकारी

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** प्रदूषण, नाइट शिफ्ट और भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच सुबह के समय एक्सरसाइज के लिए समय निकालना चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में एक नई रिसर्च ने हल्की-फुल्की शारीरिक गतिविधियों को भी लाभकारी बताया है।

ताजा शोध के अनुसार, नियमित रूप से हल्की शारीरिक गतिविधि करने से डायबिटीज, हृदय रोग, गठिया, अवसाद, श्वसन संबंधी रोग और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी 30 से अधिक बीमारियों के जोखिम को कम किया जा सकता है। दिलचस्प बात यह है कि इसके लिए हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (एचआईआईटी) जैसी कठिन एक्सरसाइज की जरूरत नहीं होती, बल्कि बागवानी, योग, लॉन की घास काटना, वॉटर एरोबिक्स या तेज़ चलने जैसी हल्की गतिविधियां भी सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकती हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि प्रति सप्ताह सिर्फ 150 मिनट की मध्यम शारीरिक गतिविधि करने से मृत्यु दर का खतरा 31प्रतिशत तक कम हो सकता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की एक रिपोर्ट में भी यह खुलासा हुआ कि जो लोग हर हफ्ते 150-300 मिनट की हल्की एक्सरसाइज करते हैं, उनमें मृत्यु दर का जोखिम 20-21प्रतिशत तक घट जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि रोज़ाना 30 मिनट की एक्सरसाइज स्वास्थ्य को बेहतर बना सकती है, और अगर कोई शुरुआत कर रहा है, तो 10-10 मिनट के छोटे सत्रों से भी शुरुआत की जा सकती है।

# ट्रेन हाईजैक में भारत का हाथ होने का आरोप लगा रहा पाकिस्तान

### पीएम शहबाज के सलाहकार ने कहा- भारत ने अफगानिस्तान को बनाया बेस

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बलूच स्वतंत्रता सेनानियों ने मंगलवार को ट्रेन को अगवा कर लिया। इसमें 500 से ज्यादा यात्री सवार थे, जिनमें आम नागरिक, महिलाएं और बच्चों को रिहा कर दिया गया है और पाकिस्तानी सेना के जवानों, खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों और पाकिस्तान सरकार के अधिकारियों-कर्मचारियों को बंधक बनाकर रखा है। सुरक्षा बलों ने अभी तक 16 विद्रोहियों को मारने का दावा किया है, जबकि बलूचों ने 30 से ज्यादा पाकिस्तानी सेना के जवानों को मारने का दावा किया है।

मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ट्रेन को पटरी से उतारने की जिम्मेदारी ली है। बलूचों ने 214 यात्रियों को बंधक बनाने का दावा किया है। बलूच लिबरेशन आर्मी, जो बलूचिस्तान की आजादी के लिए संघर्ष कर रहा है। उसने पाकिस्तान सरकार को 48 घंटों का अल्टीमेटम दिया है, जिसमें उन बलूच नेताओं, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग की गई है, जिनका पाकिस्तान की सेना ने पकड़ रखा है। बलूच विद्रोहियों ने चेतावनी दी है कि अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो बंधकों को मारने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। बलूचों ने कहा है कि अगर पाकिस्तानी सेना ऑपरेशन शुरू करेगी तो ट्रेन को विस्फोट से उड़ा दिया जाएगा।

दूसरी तरफ पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ के सलाहकार ने ट्रेन अपहरण कांड के बाग भारत पर आरोप लगाए हैं। सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने कहा है कि ट्रेन अपहरण कांड के पीछे भारत का हाथ हैं। उन्होंने कहा है कि अफगानिस्तान के अंदर से भारत इन्हें ऑपरेट कर रहा है। उन्होंने कहा कि ये भारत कर रहा है। इसमें कोई शक नहीं है। और उसके बाद उन्हें सेफ हेवन अफगानिस्तान में मिला है। उन्होंने आगे कहा कि अफगानिस्तान में बैठकर वो हर किस्म की प्लानिंग करते हैं। पाकिस्तान दुश्मन लोग हैं। इसमें कोई दूसरी राय ही नहीं है। इसमें कोई सियासी मसला या एजेंडा नहीं है। राणा ने आरोप लगाते हुए कहा कि भारत टीटीपी और बीएलए का समर्थन कर रहा है और उनके पास अफगानिस्तान सुरक्षित ठिकाना है। अफगानिस्तान में घात लगाने की सुविधा होने के कारण उनके ऑपरेशन बढ़ गए हैं।



लेबनान में अलावाइट सीरियाई लोगों की हो रही हत्याओं को देखते हुए ये लोग नाहरा अल कबीर के पानी में से निकलते हुए।

# ईरान ने अमेरिका से दो टूक कहा- आपसे जो बने सो कर लो

**तेहरान।** पूरी दुनिया को डराने और धमकाने में जुटे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान ने अच्छी खरी खरी सुना दी है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा कि धमकियों के बीच ईरान अमेरिका से किसी भी स्थिति में अपने परमाणु कार्यक्रम पर बात नहीं करेगा। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप को दो टूक जवाब देते हुए कहा, जो करना है कर लो। इस बीच ईरान ने रूस और चीन के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास करके अपनी ताकत दिखाई है। पेजेश्कियान ने कहा कि हम यह बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं कर सकते कि अमेरिका हमें आदेश और धमकियां दे। मैं तुमसे (अमेरिका) बात भी नहीं करूंगा। जो करना है कर लो।



ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने भी इससे पहले कहा था कि ईरान किसी भी दबाव में बातचीत नहीं करेगा। यह बयान ट्रंप के उस दावे के बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान के साथ नए परमाणु समझौते के लिए खामेनेई को एक पत्र लिखा है। हालांकि ईरान ने कहा है कि उसे कोई भी पत्र नहीं मिला है। ट्रंप प्रशासन ने एक बार फिर पहले की तरह ईरान पर अधिकतम दबाव' की नीति लागू कर दी है। इसके जरिए अमेरिका ईरान की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और उसके तेल निर्यात को शून्य तक लाने की कोशिश में जुटा है। ट्रंप ने सोमवार को प्रतिबंधों में दी गई छूट को समाप्त करके दबाव बढ़ाने की कोशिश की। इस छूट के तहत इराक को ईरान से बिजली खरीदने की इजाजत दी गई थी। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस कदम की निंदा करते हुए कहा कि ईरान दबाव और धमकी में बातचीत नहीं करेगा। 2015 में राष्ट्रपति बराक ओबामा ने ईरान और प्रमुख शक्तियों के साथ ऐतिहासिक समझौता किया था। इसमें ईरान को अपने परमाणु कार्यक्रम पर अंकुश लगाने के बदले प्रतिबंधों में छूट देने का वादा किया गया था। ट्रंप के आने के बाद यह समझौता टूट गया।ईरान ने मंगलवार को चीन और रूस के साथ संयुक्त नौसैनिक अभ्यास किया, जिसे मैरिटाइम सिक्योरिटी बेल्ट 2025 नाम दिया गया। यह अभ्यास ओमान की खाड़ी में हुआ, जो रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य के पास मौजूद है। इस हिस्से से दुनिया के कुल तेल व्यापार का पांचवां हिस्सा गुजरता है।

## जब ट्रूडो फेयरवेल स्पीच के बाद कुर्सी उठाए जुबान दिखाते चले बाहर, तस्वीर हुई वायरल

**टोरंटो।** जस्टिन ट्रूडो ने लिबरल पार्टी कन्वेंशन में कनाडा के पीएम के तौर पर अपनी फेयरवेल स्पीच दी थी। इसके बाद वह कुर्सी उठाकर सीधे संसद से बाहर चले गए। इसकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें उनके साथ में कुर्सी है और वह कैमरे की तरफ देखकर जीभ दिखा रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुई इस तस्वरी पर यूजर्स कमेंट भी आ रहे हैं। एक राजनीतिक लेखक ने तो इस तस्वीर को शेयर कर एक्स पर लिखा परंपरा के मुताबिक कनाडा के सांसदों को संसद से बाहर निकलते वक्त अपनी कुर्सी अपने साथ ले जाने की इजाजत है। मुझे यह परंपरा अच्छी लगती है। फिर भी ट्रूडो की यह तस्वीर अजीब है। शायद यह जल्द होने वाले चुनाव की तरफ इशारा है।

फेयरवेल स्पीच में जस्टिन ट्रूडो भावुक हो गए थे। ट्रूडो ने पीएम के तौर पर आखिरी बार पार्टी और अपने समर्थकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुझे गलत मत समझिए, पिछले 10 सालों में हमने जो कुछ किया है, उस पर मुझे गर्व है, लेकिन आज की रात एक पार्टी के रूप में, एक देश के रूप में हमारे भविष्य के बारे में है। ट्रूडो ने समर्थकों से कहा कि सक्रिय बने रहें। आपके देश को आपकी जरूरत पहले से कहीं ज्यादा है। लिबरल्स इस पल का सामना करेंगे। ये वक्त नेशन डिफाइनिंग मूमेंट है। लोकतंत्र और स्वतंत्रता के लिए निरंतर प्रयास की जरुरत होती है। इसके लिए साहस, बलिदान, उम्मीद और कड़ी मेहनत करनी होती है।

ट्रूडो ने कहा कि हमें पिछले 10 सालों में हासिल की गई सभी महान चीजों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

## नासा ने चलाया ब्रह्मास्त्र अब ब्रह्मांड का रहस्य जान सकेगी दुनिया

**वॉशिंगटन।** अब अंतरिक्ष में एक और कारनामा होने रहा है। अब आसमान की पूरी तरह से मैपिंग हो सकेगी। लाखों गैलेक्सी यानी आकाशगंगाओं पर नजर रखी जाएगी। इसके लिए नासा ने अपने ब्रह्मास्त्र को अंतरिक्ष की सैर पर भेजा है। नासा का सबसे नया स्पेस टेलीस्कोप मंगलवार को कक्षा की ओर रवाना हो गया है। इसे इसलिए बनाया गया है ताकि यह पूरे आकाश का नक्शा ऐसा बना सके, जैसा पहले कभी नहीं बना। यह सैकड़ों-करोड़ों गैलेक्सीज यानी आकाशगंगाओं और समय की शुरुआत से लेकर अब तक उनकी कॉस्मिक चमक पर एक व्यापक नजर डालेगा।

स्पेसएक्स ने कैलिफोर्निया से स्फेयरएक्स ऑब्जर्वेटरी यानी वैधशाला लॉन्च की है। यह पृथ्वी के ध्रुवों के ऊपर से उड़ान भरेगा।

## आज का इतिहास 13 मार्च

1991 राष्ट्रपति आर.वेंकटरमन द्वारा नौंवी लोकसभा भंग.

1997 मदर टेरेसा के स्थान पर सिस्टर निर्मला मिशनरीज ऑफ चैरिटीज की नयी सुपीरियर जनरल निर्वाचित.

1999 गुमशुदा कार्टूनिस्ट इरफान का शव झाड़ियों में मिला.

2001 तहलका डाट कॉम के खुलासे के बाद बंगारु लक्ष्मण ने त्यागपत्र दिया.

2002 अयोध्या में विवादित भूमि पर सांकेतिक पूजा करने की अनुमति देने की केंद्र सरकार के आग्रह को उच्चत्तम न्यायालय ने ठुकराया.

2003 उच्चतम न्यायालय ने सरकार के विवादास्पद संशोधित चुनाव कानून को असंवैधानिक करार दिया.

2005 उत्तरांचल में मसूरी से चंबा जा रही एक बस खाई में गिरने से 25 मरे.

## सूडोकु नवताल- 7090

✷✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7089 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

## प्रसंगतः संघर्ष की राह

बालक ईश्वरचंद्र के पिता को तीन रुपये मासिक वेतन मिलता था। परिवार बड़ा था इसलिए घर का खर्च चलना मुश्किल था। ऐसी स्थिति में बालक ईश्वरचंद्र की पढ़ाई का प्रबंध कैसे होता। ईश्वरचंद्र ने अपने पिता की विवशता को देख कर अपनी पढ़ाई के लिए रास्ता खुद ही निकाल लिया। उसने गांव के उन लड़कों को अपना मित्र बनाया, जो पढ़ने जाते थे। उनकी पुस्तकों के सहारे उसने अक्षर ज्ञान प्राप्त कर लिया। एक दिन कोयले से जमीन पर लिख कर उसने अपने पिता को दिखाया। पिता ने ईशवरचंद्र की विद्या के प्रति लगन देखकर तंगी का जीवन जीते हुए भी उसे गांव की पाठशाला में भर्ती करा दिया। स्कूल की सभी परीक्षाओं में ईश्वरचंद्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आगे की पढ़ाई के लिए फिर आर्थिक तंगी आड़े आ रही थी। ईश्वरचंद्र ने फिर स्वयं अपनी राह बनाई और आगे पढ़ने के लिए माता-पिता से केवल आशीर्वाद भर मांगा। उसने कहा, 'आप मुझे किसी विद्यालय में भर्ती करा दें। फिर मैं आप से किसी प्रकार का खर्च नहीं मांगूंगा।' ईश्वरचंद्र का कोलकाता के एक संस्कृत विद्यालय में दाखिला करा दिया गया। विद्यालय में ईश्वरचंद्र ने अपनी लगन और प्रतिभा से शिक्षकों को प्रसन्न कर लिया। उसकी फीस माफ हो गई। ईश्वरचंद्र के मित्रों ने किताबें उपलब्ध करा दीं। फिर उसने अपना खर्च पूरा करने के लिए मजदूरी शुरू कर दी। ऐसी स्थिति में भी उसने इतना परिश्रम किया कि उन्नीस वर्ष की आयु तक पहुंचते-पहुंचते वह व्याकरण, साहित्य, स्मृति तथा वेदशास्त्र में निपुण हो गया। जिसके लिए पढ़ना ही कठिन था वह एक बड़ा विद्वान बन गया। आगे चल कर यही बालक ईश्वरचंद्र विद्यासागर के नाम से विख्यात हुआ।

## दैनिक पंचांग

**13 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.19 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मेष | 07.50 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 09.30 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 11.28 बजे से |
| गुरु | वृष में | कर्क | 13.41 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 15.57 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.09 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.20 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 22.35 ब.से |
| **राहुकाल** | | धनु | 00.51 बजे से |
| 1.30 से 3.00 | | मकर | 02.56 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 04.42 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 72 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** चतुर्दशी 10.36 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी अहोरात्र। **योग** धृति 13.03 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 10.36 बजे तदनन्तर विष्टि 23.28 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 13.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 02° 55' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872282 **जूलियन दिन** 2460747.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रमजान **तारीख** 12 **विशेष** छोटी होली, होलिका दहन, पूर्णिमा उपवास, अट्टुकल पोंगाला।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 | से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 | से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 | से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 | से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 | से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 | से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 | से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 | से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 | से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 | से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 | से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 | से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 | से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 | से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 | से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2081, शाके 1946, सौम्य गोष्ठ, फाल्गुन शुक्ल पक्ष, शिशिर ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पश्चिम तिथि चर्तुदर्शी, गुरुवासरे, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्रे, घृत योगे, वणिक करणे, सिंह की चंद्रमा, भद्रा 9/18 उ. 40/47 व्रत पूर्णिमा होलिका दहन, रोग विमुक्ता स्नान मुर्हूत 9/18 होलका दाह समय 9.18 तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, सुन्दर, सुशील, जिद्दी-हठी, बैंक कर्मचारी, लिपिक, मार्केटिंग मैनेजर, सेल्समेन, प्रवक्ता, राजनीति में पटु, नेता होगा।




**मेष राशिः** तनाव, क्लेश व अशांति, मानसिक विभ्रम, घटना का शिकार होने से बचेंगे।

**वृष राशिः** सफलता के साधन अवश्य जुटायेंगे, इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, कार्य बनेंगे।

**मिथुन राशिः** चिन्तायें कम होंगी, सफलत के साधन जुटायें, लाभ के कार्य बनेंगे।

**कर्क राशिः** समय एवं शक्ति व्यर्थ जायेगी, मानसिक बेचैनी, क्लेश व अशांति अवश्य होगी।

**सिंह राशिः** कार्य व्यवसाय में संतोष, स्त्री से तनाव, मानसिक बेचैनी अवश्य बनेगी, धैर्य रखें।

**कन्या राशिः** समय अनुकूल नहीं विशेष कार्य स्थिगित रखें, लेन-देन के कार्य होंगे।

**तुला राशिः** समृद्धि के साधन बनेंगे, कार्य कुशलता से संतोष होगा, रुके कार्य बनेंगे।

**वृश्चिक राशिः** प्रबलता, प्रभुत्व वृद्धि, कार्य कुशलता से संतोष होगा, कार्य अवश्य ही बनेंगे।

**धनु राशिः** व्यर्थ भ्रमण, धन का व्यय होगा, असमंजस एवं असमर्थता का वातावरण होगा।

**मकर राशिः** अचानक यात्रा के प्रबल योग बनेंगे, योजनायें फलीभूत अवश्य होंगी।

**कुंभ राशिः** बिगड़े कार्य बनेंगे, कार्य कुशलता से संतोष होगा, समृद्धि के साधन बनेंगे।

**मीन राशिः** असमर्थता का वातावरण कष्टप्रद होगा, स्त्री वर्ग से हर्ष-उल्लास होगा।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# पीएम मोदी मॉरीशस के पूर्व पीएम से मिले, सहयोग को मजबूत करने पर हुई चर्चा

**पोर्ट लुईस।** पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को मॉरीशस के पूर्व पीएम प्रविंद जगन्नाथ से मिले। दोनों नेताओं ने भारत-मॉरीशस सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। जून 2024 में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में प्रविंद जगन्नाथ भी शामिल हुए थे। पीएम मोदी 11-12 मार्च तक मॉरीशस की यात्रा पर हैं।

पीएम मोदी पूर्वी अफ्रीकी राष्ट्र के राष्ट्रीय दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथी शामिल होना है। इससे पहले, पीएम मोदी ने एक्स के जरिए मॉरीशस के लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मॉरीशस के लोगों को राष्ट्रीय दिवस की शुभकामनाएं। समारोह में भाग लेने सहित आज के कार्यक्रमों की प्रतीक्षा कर रहा हूं। पीएम मोदी ने मंगलवार को पोर्ट लुइस में मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ चर्चा की थी। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और भारत-मॉरीशस के बीच विशेष संबंध बढ़ाने के लिए नए रास्ते तलाशने पर विचार किया था। मॉरीशस के पीएम नवीन रामगुलाम ने मोदी को देश के सर्वोच्च पुरस्कार ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन दिए जाने का ऐलान किया। पीएम मोदी यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय हैं। यह किसी देश की ओर से पीएम मोदी को दिया जाने वाला 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है।

भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में मॉरीशस के पीएम ने यह ऐलान किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि साथियों मॉरिशस के लोगों ने, यहां की सरकार ने मुझे अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने का फैसला किया है। मैं आपके फैसले को विनम्रता से स्वीकार करता हूं। यह भारत और मॉरीशस के एतिहासिक रिश्तों का सम्मान है। यह उन भारतीयों का सम्मान है जिन्होंने पीढ़ी दर पीढ़ी इस धरती की सेवा की। आज मॉरीशस को इस ऊंचाई पर लेकर आए हैं। मैं इस सम्मान के लिए आप सभी का सम्मान स्वीकार करता हूं।

## ट्रेन को हाईजैक करने वाली मजीद ब्रिगेड, पूर्व पीएम की हत्या की भी कोशिश की थी

**इस्लामाबाद।** ट्रेन को हाईजैक करके बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तानी सेना को चुनौती दे दी है। इस हमले को मौजूद ब्रिगेड ने अंजाम दिया है। मजीद ब्रिगेड बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) का एक विशेष आत्मघाती दस्ता है, जो पाकिस्तान से बलूचिस्तान की आजादी के लिए संघर्ष कर रहा है। यह ब्रिगेड 2011 में स्थापित की गई थी। इसका नाम अब्दुल मजीद बलोच के नाम पर रखा है, जिन्होंने 1974 में तत्कालीन पाकिस्तानी पीएम जुल्फिकार अली भुट्टो की हत्या की कोशिश की गई थी। गठन के बाद से मजीद ब्रिगेड ने कई प्रमुख हमले किए, जिनका मुख्य लक्ष्य पाकिस्तानी सुरक्षा बल, सरकारी संस्थान और पाकिस्तान में चीनी हित रहे हैं।

शुरुआत में मजीद ब्रिगेड पारंपरिक गुरिल्ला युद्ध में शामिल थी, जिसमें पाकिस्तानी सैन्य काफिलों और ठिकानों पर हिट-एंड-रन रणनीति का इस्तेमाल किया जाता था। 2018 में, ब्रिगेड ने आत्मघाती हमलों को अपनी रणनीति में शामिल करके अपने ऑपरेशनों को बढ़ाया। यह बदलाव बीएलए के विद्रोह में एक महत्वपूर्ण विकास था, क्योंकि मजीद ब्रिगेड आत्मघाती हमलावरों का इस्तेमाल करने वाली पहली बलूच मिलिटेंट यूनिट बन गई। ब्रिगेड द्वारा किए गए पहले आत्मघाती हमलों में से एक अगस्त 2018 में हुआ था। जब बीएलए कमांडर असलम बलोच के बेटे रेहान असलम ने दलबंदीन, बलूचिस्तान में चीनी इंजीनियरों को ले जा रही बस पर हमला किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पावापुरी अहिंसा रथ यात्रा की वसुंधरा नगर जैन मंदिर में भव्य अगवानी



**दमोह।** भगवान महावीर के 2550 वे निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष्य में दिल्ली से दमोह तक पहुंची पावापुरी अहिंसा रथ यात्रा का वसुंधरा नगर में बहुत उत्साह पूर्वक स्वागत किया गया वसुंधरा नगर के श्रद्धालुओं ने रात्रि में आरती की एवं प्रातः काल अभिषेक एवं शांति धारा का सौभाग्य अर्जित किया सोधर्मइंद्र बनकर महेश जैन एवं पंडित प्रेमचंद जैन जिनेंद्र जैन सुनील वेजीटेरियन संदीप अभाना ने आदि ने इंद्र बनकर अभिषेक करने का सौभाग्य अर्जित किया शांति धारा करने का सौभाग्य निर्मल कुमार जैन वेजीटेरियन परिवार जिनेंद्र जैन संदीप भारिल परिवार एवं ऋषभ निखिल सचिन डिप्टी कलेक्टर परिवार को प्राप्त हुआ। कुंडलपुर कमेटी के पूर्व प्रचार मंत्री एवं श्रावक कल्याण समिति के सचिव सुनील वेजीटेरियन ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि इस अहिंसा रथ के प्रवर्तन से भगवान महावीर स्वामी के अमर संदेश जियो और जीने दो का प्रसारण सारे विश्व में हो रहा है इसे धर्म की माहिती प्रभावना हो रही है जैन धर्म के जन-जन में प्रचार हेतु इस तरह के माध्यम मानवता के कल्याण एवं विश्व शांति के लिए आवश्यक है हम सबको 500 वर्ष से अधिक प्राचीन भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा के दर्शन एवं अभिषेक शांति धारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है इस मौके पर आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर वसुंधरा नगर समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य गण की उपस्थिति रही।

### फाग उत्सव मना कर महिलाओं का किया सम्मान

**उज्जैन ।** ऋषि नगर स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर पर होली उत्सव के उपलक्ष में श्री चित्रगुप्त महिला जागृति मंडल के तत्वावधान में फाग उत्सव मनाया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर निगम सभापति कलावती यादव रही । जिसमें महिलाओं ने पर बढ़कर चढ़कर भाग लिया जिन महिलाओं ने वर्ष भर समाज के लिए अपना योगदान दिया उन्हें नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव के हाथों सम्मानित भी किया गया ।

कार्यक्रम संयोजक श्रीमती अनुपम श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी महिला दिवस के उपलक्ष में फाग उत्सव मनाया जाता है जिसमें लोकगीत और होली के भजन गाकर त्यौहार को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है महिलाएं अपने घरों से अपने-अपने हाथों से स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर लाती है जिसका भगवान को भोग लगाया जाता है ।सब बहने आपस में बैठकर प्रसाद ग्रहण करती हैं ।फाग उत्सव में समाज की ऐसी महिलाएं जिन्होंने वर्ष भर मंदिर के कार्यों में सहयोग किया और समाज के विभिन्न कामों में हिस्सा लिया ऐसी महिलाओं को सम्मानित भी किया गया है ।

### खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर कलेक्टर ने किसानों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये

**शाजापुर।** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने आज शुजालपुर क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदखेड़ा के दीपतारा वेयरहाऊस, महूघाट के गजेन्द्र वेयरहाऊस तथा शुजालपुर के मध्यप्रदेश वेयरहाऊस एण्ड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन में समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए बने खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने खरीदी करने वाली ऐजेंसियों को निर्देशित किया कि खरीदी केन्द्रों पर किसानों के लिए मूलभूत सुविधाएं जैसे कि छांया, पानी, छलना आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। साथ ही कलेक्टर ने खरीदी के लिए तौल कांटे, बारदाने एवं हम्मालों की व्यवस्था की जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी खरीदी करने वाली ऐजेंसियों को निर्देश दिये हैं कि जिन किसानों का गेहूं अस्वीकार किया जाता है, उन्हीं का नमूना रखें। साथ ही किसानों से खरीदे जाने वाले गेहूं कि सही-सही तुलाई करें। तुलाई में गड़बड़ी नहीं होनें दें। कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों से कहा कि किसानों को पहले से संदेश दें कि वे अपनी फसल को सुखाकर लाएं।

# बजट में सक्षम, आत्मनिर्भर और सशक्त होते मध्यप्रदेश की झलकः पूर्व गृहमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह

**सागर।** मध्यप्रदेश का बजट-2025 सक्षम, आत्मनिर्भर और सुखी मध्यप्रदेश के निर्माण की दिशा में लाया गया विजनरी बजट है। इस बजट में मध्यप्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती, औद्योगीकरण और टेक्नोलॉजी की ओर बड़ते कदमों, युवाओं को रोजगार, महिलाओं व किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण और कल्याण की संकल्पना है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, मुख्यमंत्री डा मोहन यादव और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा इस कल्पनाशील बजट के लिए बधाई के अधिकारी हैं। बजट पर यह प्रतिक्रिया पूर्व गृहमंत्री, वरिष्ठ विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह ने व्यक्त की है।

पूर्व गृहमंत्री, वरिष्ठ विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह ने बजट पर जारी अपने बयान में कहा है कि 1 लाख किमी सड़कें, 500 रेलवे ओवरब्रिज, मध्यप्रदेश डिजिटल यूनिवर्सिटी, राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, 39 नए औद्योगिक क्षेत्रों के प्रावधान दर्शा रहे हैं कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, मुख्यमंत्री डा मोहन यादव व भाजपा की सरकार ने भविष्य के अत्याधुनिक ,उन्नत मध्यप्रदेश की नींव रख दी है। तीन लाख रोजगारों का सृजन युवाओं की आकांक्षाओं के साथ समृद्ध समाज का निर्माण करेगा। नये खुलने जा रहे 22 नये आईटीआई युवाओं की कौशल क्षमता को जेनरेट करेंगे।



पूर्व गृहमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि बजट में किसानों के लिए पर्याप्त वित्तीय प्रावधान किए गए हैं। प्रदेश में चल रही बड़ी,मध्यम और लघु सिंचाई परियोजनाओं का नेटवर्क किसानों की कल्याणकारी योजनाओं के साथ मिलकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संकल्प को पूरा करते हुए मध्यप्रदेश के किसानों की आय दोगुनी करने की ओर ठोस आधार बनाएगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 2000 करोड़, किसान प्रोत्साहन योजना में 5230 करोड़ तथा धान उपार्जन योजना हेतु 850 करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है। सोलर पंप, आसान विद्युत कनेक्शन किसानों को मिलेंगे। पीए सड़क से वंचित रह गए गांव के मजरों टोलों तक सड़क पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना का आरंभ मुख्यमंत्री डा मोहन यादव की गांवों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में निवास कर रहे गौवंश के उदर पोषण की राशि दोगुनी करके 40रु प्रति गौवंश करना, श्री कृष्ण पाथेय हेतु 10 करोड़ की राशि, 11 नये आयुर्वेद कालेज खोलने का संकल्प बजट में है। इससे हमारी संस्कृति और परंपराओं का संवर्धन होगा।

पूर्व गृहमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि बजट में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने महिला सशक्तिकरण की योजनाओं को विभिन्न पेंशन योजनाओं से जोड़ कर स्थायी प्रणाली को विकसित करने की योजना पर कार्य आरंभ किया है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 25 करोड़ की लागत से आधुनिक स्टेडियम बनाने से प्रदेश में खेलों का स्तर और सशक्त होगा। पूर्व गृहमंत्री श्री सिंह ने कहा कि बजट में अजा जजा, पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक कल्याण के लिए और अधिक राशि का प्रावधान किया है। गरीबों के लिए विशेष बीमा योजना सभी वर्गों के गरीबों को आर्थिक कवर प्रदान करने वाली है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मध्यप्रदेश के बजट की परिकल्पना सर्वस्पर्शी और संवेदनाओं से भरी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के दृड़ निश्चयी और संवेदनशील व्यक्तित्व की झलक इस बजट में देखी जा सकती है, इसके लिए उनके प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त करता हूं।

## शराब की पेटियों से भरी गाड़ी ने बाइक सवार दो युवकों को मौत के घाट उतारा , हेलमेट पहने होते तो शायद बच जाती जान

**दमोह।** हिंडोरिया थाना अंतर्गत एक तेज रफ्तार पिकअप 407 गाड़ी ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार कर मौत के घाट उतार दिया। हादसे के दौरान सिर में गंभीर चोट लगने से रक्त रंजित घायल देर तक सड़क किनारे पड़े रहे। बाद में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेज गया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। बाइक सवार निर्दोष युवकों को टक्कर मारने वाली पिकअप में शराब की पेटियां भरी हुई थी। हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लुहर्रा के पास मंगलवार रात तेज रफ्तार पिकअप क्रमांक एमपी 17 जी 1582 ने बाइक क्रमांक एमपी 34 एमओ 9930 को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक सड़क से उछल कर दूर जा गिरे। और सर से अधिक रक्त स्राव हो जाने की वजह से काफी देर तक मौके पर पड़े रहे। बाद में गंभीर हालत में घायल प्रदीप



अठ्या एवं मलखान ठाकुर निवासी भदोली को हिंडोरिया अस्पताल ले जाया गया। जहां प्रदीप को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि दूसरे युवक को जिला अस्पताल से बेहद गंभीर हालत में जबलपुर रेफर किया गया था। लेकिन रास्ते में जबेरा के पास उसकी भी मौत हो गई। जिस पर उसे भी देर रात जिला अस्पताल वापस ले आया गया। बुधवार को पोस्ट मार्टम कार्रवाई के बाद दोनों के शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। दुखद दर्दनाक घटनाक्रम से राजपूत तथा अठ्या परिवार के युवा चिरागों के असमय बुझ जाने से होली की खुशियां जहां मातम में बदल गई वही भदौली गांव में भी मातम पचरा हुआ। घटनास्थल की जो तस्वीर सामने आई उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि शराब की पेटियों से भरी गाड़ी कि चालक की लापरवाही रही है। क्योंकि बाइक सवार दोनों युवक सड़क के बीच नही बल्कि सड़क किनारे हादसे का शिकार हुए हैं। हादसे के बाद यदि उनको तत्काल इलाज मिल जाता तथा वह हेलमेट पहने होते तो शायद उनकी जान बच जाती। मामले में हिंडोरिया थाना प्रभारी का कहना है कि यह गाड़ी हिंडोरिया शराब दुकान पर शराब की पेटियों लेकर जा रही थी। गाड़ी को फिलहाल जप्त कर लिया गया है। वहीं शराब का परमिट होने की बात कही जा रही हैं। आबकारी विभाग से शराब संबंधित दस्तावेजों की जांच कराई जाएगी। वह इस दर्दनाक हादसे के शिकार पीड़ित परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की मांग की जा रही है।

## केमीकल्स युक्त रंगो की जांच की नगर पालिका कर्मचारियो ने



**पिपरिया।** नगर के बाजार में होली के पर्व को लेकर रंग गुलाल की दुकानो सज गई है। वही आपने सोचा है कि जो रंग आप खरीद रहे है वह सुरक्षित है या नही। होली के दौरान इस्तेमाल होने वाला रंग या गुलाल कहा हानिकारक केमीकल्स युक्त तो नही है। जिसको लेकर नगर पालिका सीएमओ रवि प्रकाश नायक के निद्रेश पर नगरपालिका के कर्मचारियो ने मंगलवारा बाजार,पचमढी रोड,स्टेशन रोड पर लगी रंग,गुलाल की दुकानो पर बिक रहे रंगो की जांच की। और दुकानदारो को सख्त हिदायत दी कि केमीकल्स युक्त रंग न विक्रय किए जाए। अगर दुकानो पर केमीकल्स युक्त करंग या गुलाल पाई जाती है तो दुकानदार के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान नगरपालिका के उपयंत्री नीतेश पांडे,यासीन खान,राजा सहित अन्य कर्मचारियो ने दुकानदारो को केमीकल्स युक्त रंग न विक्रय करने को कहा।

## सगरा में सिद्धचक्र महामंडल विधान सम्पन्न ,भक्तिमय माहौल में गूंजे मंगलपाठ

**दमोह।** जैन समाज की आध्यात्मिक एवं धार्मिक परंपराओं में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन भक्तिभाव और श्रद्धा के साथ किया गया। यह विधान सर्वसिद्धिदायक और मंगलकारी माना जाता है, जिसका प्रमाण महासती मैना सुंदरी द्वारा किए गए अनुष्ठान से उनके पति राजा श्रीपाल के कुष्ठ रोग के समाप्त होने की कथा से मिलता है। विधान का शुभारंभ भगवान के अभिषेक, पूजन एवं शांतिधारा से हुआ। इस दौरान अजित कुमार जैन (बरगी) एवं परिवार, पदम चंद जैन (पिंटू जैन) और परिवार को शांतिधारा का सौभाग्य प्राप्त हुआ। संध्या काल में भगवान की महाआरती में सोनू जैन, मोनू जैन, गुनू जैन एवं जैकी जैन परिवार को विशेष अवसर मिला। सिद्धचक्र महामंडल विधान के दौरान संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि




श्री प्रबुद्ध सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन दिए। उन्होंने बताया कि सिद्धचक्र विधान न केवल आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है, बल्कि यह जीवन में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने का दिव्य माध्यम भी है। कार्यक्रम में बाल ब्रह्मचारी सुमत भैया (भोपाल) के कुशल निर्देशन में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इस महाआयोजन में सगरा, रिछई, परस्वाहा, बनवार, जबेरा, नोहटा, दमोह, जबलपुर, भोपाल एवं इंदौर से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कोदू लाल जैन, मानक जैन, दयाचंद जैन, जयकुमार जैन, जिनेश जैन, देवेंद्र जैन, अनिल जैन, कमलेश जैन, नीरज सिंघई, मयंक जैन आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस विधान के दौरान अष्ट द्रव्य पूजन, जाप, आराधना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। विधान की पूर्णाहुति के साथ संपूर्ण समाज ने विश्व शांति और कल्याण की कामना की।

## मदिरा दुकानों का द्वितीय चरण का निष्पादन 13 मार्च को

**रतलाम(** नवीन आबकारी नीति वर्ष 2025-26 अनुसार नवीनीकरण, लाटरी के माध्यम से निष्पादन रहित जिले की कुल 99 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का 08 समूहों में पुनर्गठन किया जाकर ई-टेण्डर (ई-टेण्डर कम आक्शन) के माध्यम से निष्पादन किए जाने हेतु 4 मार्च 2025 से ई-टेण्डर आमंत्रित किए गए।8 मार्च 2025 को जिले के 08 समूहों में से 07 समूहों यथा रतलाम, चौपाटी जावरा, ताल, आलोट, रियावन, रिंगनोद, सिन्दुरकिया पर कुल 13 आफर ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम आक्शशन से प्राप्त हुए।

आक्शन पूर्ण होने पर कलेक्टर श्री राजेश बाथम की अध्यक्षता में गठित जिला निष्पादन समिति द्वारा ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम आक्शन) के प्रथम चरण में 9 मार्च 2025 को निष्पादन अंतिम किया गया। निष्पादन कार्यवाही में जिले के कुल 08 एकल समूहों में से 07 समूहों में सम्मिलित 92 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का कुल वार्षिक मूल्य राशि रुपए 3,74,24,23,865 प्राप्त हुआ जो कि उक्त 92 कम्पोजिट मदिरा दुकानों के वर्ष 2024-25 के वार्शिक मूल्य राशि रुपए 3,06,53,67,504 से 22.09 प्रतिशत अधिक है एवं वर्ष 2025-26 के उक्त 07 समूहों के आरक्षित मूल्य राशि रुपए 3,67,84,41,041 से 1.74 प्रतिशत अधिक है।

इस प्रकार जिले के वर्ष 2025-26 के कुल आरक्षित मूल्य 3,83,41,23,153 का 97.62 प्रतिशत राजस्व प्राप्त कर लिया गया है। उक्त के अतिरिक्त शेष रहे 01 मदिरा दुकान समूह बडायला माता के निष्पादन हेतु 10 मार्च 2025 से एम.पी. ई-टेण्डर की वेबसाईट पर ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम आक्शन के माध्यम से टेण्डर आमंत्रित किए गए हैं। जिला समिति द्वारा 13 मार्च 2025 को द्वितीय चरण में निष्पादन की कार्यवाही की जाएगी। इस हेतु पात्र आवेदकों, कांट्रेक्टर के ई-आबकारी पोर्टल पर कांट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन माडयूल के अन्तर्गत पंजीयन कराना अनिवार्य है। उसके पश्चात ही इच्छुक पात्र आवेदक आबकारी ठेकों के निष्पादन में सहभागिता कर सकेंगे।

आबकारी ठेका निष्पादन में भाग लेने के इच्छकु आवेदक, ठेकेदार उपरोक्तानुसार ई-आबकारी पोर्टल पर कांट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन माडयूल के अन्तर्गत अपना पंजीयन कराकर निष्पादन की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

### आपदा प्रबंधन के संबंध में एक दिवसीय मॉकड्रिल आयोजित

**रतलाम।** बुधवार को आपदा प्रबंधन क्षमता वृद्धि परियोजना के अतर्गत रेलवे सुरक्षा बल परिसर में कलेक्टर श्री राजेश बाथम के निर्देशन में एवं जिला सेनानी के मार्गदर्शन में श्री सुमित खरे पीसी व ज्योति बघेल पीसी सहित 10 एसडीईआरएफ, होमगार्ड जवानों द्वारा आपदा प्रबंधन के संबंध में एक दिवसीय मॉकड्रिल आयोजित कि गई जिसमे बा ?, भूकंप, एनिमल बाइटिंग, फायर फाइटिंग, लू से बचाव, सीपीआर, चोकिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आपदा से बचाव के तरीके बताए गए तथा आवश्यक रेस ?यू उपकरणो व उसको ऑपरेट कर डेमोस्ट्रेशन दिया गया।

## कटनी नगर निगम द्वारा की गई होली पर्व की विशेष तैयारियां

### निगमायुक्त के निर्देशन में अतिरिक्त पानी सप्लाई,फायर वाहन एवं कर्मचारी किए गए नियुक्त

**कटनी।** होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए कटनी नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में नगर निगम द्वारा सुरक्षा,पानी,साफ-सफाई जैसे विभिन्न व्यवस्थाएँ की गई हैं। होली में पानी की विशेष व्यवस्था हेतु विगत वर्षों की भाँति दिनांक 14 एवं 15 मार्च को अतिरिक्त जलापूर्ति की जावेगी ,जिसमें सिविल लाइन टंकी एवं नलकूपों से संबंधित क्षेत्रों में दोपहर 1.30 बजे अतिरिक्त जलापूर्ति की जावेगी, साथ ही नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों में टैंकर के माध्यम से नागरिकों को जल उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की जावेगी जिससे नागरिकों को पानी की कमी न हो। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से आगजनी की दुर्घटनाओं से जान माल के खतरे को रोकने हेतु नगर निगम के तीन उप कार्यालय खिरहनी, माधवनगर व नगर निगम कार्यालय तीनों स्थानों में फायर वाहन की व्यवस्था भी की गई है ताकि किसी भी प्रकार की आगज़नी की सूचना मिलने पर आग को नियंत्रित किया जा सके इसके साथ ही शहर में विशेष साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए है। आयुक्त ने शहर में होलिका दहन से किसी भी प्रकार के रोड जर्जर होने जैसी क्षती को ध्यान में रखते हुए होलिका दहन वाले स्थानों में मिट्टी का उपयोग करने व आवश्यकता होने पर समितियों को मिट्टी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये है एवं सुरक्षा व शांतिपूर्ण होली के पर्व को संपन्न कराने हेतु 10 कर्मचारियों की टीम को नियुक्त करते हुए सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किए जाने हेतु आदेशित किया है।

आयुक्त श्री दुबे ने सभी नगर वासियों को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएँ देते हुए अपील की है कि नगर के सभी नागरिक व होलिका समितियाँ होलिका दहन के स्थानों में मिट्टी/रेट का उपयोग करें व सुरक्षा हेतु सतर्कता रखते हुए होलिका दहन रोड के बीच में व विद्युत पोल/तारों से दूर करें ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना ना हो।

### पुलिस ने त्योहार के पहले बलवा ड्रिल का आयोजन किया



**दमोह।** आगामी त्यौहारों के दौरान ज़िले में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु बुधवार को दमोह पुलिस द्वारा शहर के महाराणा प्रताप विद्यालय मैदान में बलवा ड्रिल का आयोजन किया जाकर अपनी तैयारियों को पुख्ता किया गया। संपूर्ण मॉक ड्रिल श्री श्रुत कीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह के समक्ष एवं उनके निर्देशन में संपन्न किया गया जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह, नगर पुलिस अधीक्षक दमोह, रक्षित निरीक्षक दमोह प्रभारी थाना यातायात दमोह एवं ज़िले के समस्त थाना प्रभारी मय पुलिस बल के मार्गदर्शक एवं सहभागी रहे।मॉक ड्रिल उपरांत विद्यालय मैदान से प्रारंभ कर शहर के प्रमुख मार्गो से पैदल मार्च निकाल कर ज़िले में शांति व्यवस्था के प्रति आमजनों को निश्चिंत किया गया।


**कार्यालय नगर पालिका पिपरिया जिला नर्मदापुरम् ( म.प्र. )**

mail id-cmopipariya@mpurban.gov.in, Ph.No.07576-222041

क्रमांक / न.पा./2025/ पिपरिया दिनांकः- 12.03.25

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतू केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. निविदा क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|
| 1. 2025-UAD-408844-1 Nit No.1077-11.03.25 | निकाय क्षेत्र के जाकिर हुसैन वार्ड एवं नाली निर्माण कार्य। (द्वितीय निविदा) | 1.6 माह 2.88.99 लाख | 1.10.000/- 2.66747 | 26.03.2025 |
| 2. 2025-UAD-408915-1 Nit No.1078-11.03.25 | निकाय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1,12,14, 17 एवं 20 में रोड एवं नाली निर्माण कार्य। (द्वितीय निविदा) | 1. 6 माह 2.64.92 लाख | 1.10.000/- 2. 48690/- | 26.03.2025 |
| 3. 2025-UAD-408925-1 Nit No.1079-11.03.25 | निकाय क्षेत्र के वार्ड क्रमोक 2 एवं 8 में रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 1.6 माह 2.56.33 लाख | 1.10.000/- 2.42253/- | 15.04.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित्त किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की बेबसाईड पर ही किया जावेगा. प्रथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

( रवि प्रकाश नायक )
मु.न.पा. अधिकारी
न.पा.पिपरिया

» न्यूज कैप्सूल »

## मध्यप्रदेश का बजट सर्व समावेशी और सर्व स्पर्शी



**मैहर।** भाजपा जिला मंत्री कुलदीप तिवारी ने कहा है कि बुधवार को विधानसभा में वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत मध्यप्रदेश का बजट 2025-26 प्रदेश के इस बजट में सबका साथ सबका विकास पर फोकस करने वाला बजट है। यह बजट समावेशी विकास एवं जनकल्याण की भावना से परिपूर्ण है जो प्रदेश को सशक्त, समृद्ध और आत्म निर्भर बना रहा है। इस बजट में आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश के स्वप्न को साकार करने की सशक्त आधार शिला है। यह बजट संभावनाओं की असीमित उड़ान भरते हुए राज्य के उज्ज्वल भविष्य की रचना है। बजट में समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण की भावना निहित है। हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी सशक्तिकरण की संकल्पना को केंद्र में रखकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। हम प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री का मैहर जिले की जनता की ओर से हार्दिक बधाई एवं आभार व्यक्त करते हैं।

## कमलेश जायसवाल सेन्ट्रल नोटरी नियुक्त

**कटनी।** भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा कमलेश जायसवाल अधिवक्ता को संपूर्ण क्टनी जिला में नोटरी कार्य हेतु सेन्ट्र्ल नोटरी नियुक्त किया है, कमलेश जायसवाल को सेन्ट्रतल नोटरी किये जाने पर विधायक संदीप जायसवाल, जिला भाजपा अध्य्क्ष दीपक टंडन सोनी, उपाध्यक्ष भाजपा सुनील उपाध्याय, पीताबर पोपटानी, रनवीर कर्ण, राम रतन पायल, ललित जायसवाल, रवि खरे, रमेश शुक्ला, रवि प्रकाश ठाकुर, डीआर रजक, एमएल तिवारी, अधिवक्ताध संघ अमित शुक्ला, उपाध्यरक्ष संतोष परौहा एवं अन्य अधिवक्ताओं ने ने बधाई दी है।

## बजट हर वर्ग के लिए निराशाजनक : अंशु मिश्रा



**कटनी।** प्रदेश के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए युका जिलाध्यक्ष दिव्यांशु मिश्रा अंशु ने इसे महज कागजी आंकड़ों की बाजीगरी, युवाओं, व्यापारियों और उद्योगों के लिए घोर निराशाजनक बताया है।श्री मिश्रा ने कहा है कि बजट में शहर में मेडिकल कालेज, इंजीनियरिंग कॉलेज की मांग को खारिज कर दिया गया है। दाल और अनाज व्यापारियों की दोहरे टेक्स से राहत की मांग दरकिनार कर दी गई।युवाओं सहित सभी वर्गों की उपेक्षा की गई है।आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपया के कागजी खेल से हर व्यक्ति पर कर्ज का बोझ बढ़ेगा। किसान और मजदूरों के हितों को नजरअंदाज किया गया है। इससे मंहगाई तेजी से बढ़ेगी।बजट में अन्नदाता को अनुदान देने की बजाय कर्जदार बनाने का खाका खींचा गया है।

## पिपरिया प्रेस क्लब का हुआ गठन, गजेंद्र खनूजा अध्यक्ष नियुक्त

**पिपरिया।** वर्षो के लंबे अंतराल के बाद पिपरिया प्रेस क्लब का आज सर्वसम्मति से गठन कर दिया गया जिसमें पिपरिया के पत्रकार गजेंद्र खनूजा (पिंकी खनूजा) को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इनके साथ सूरज सिंह राजपूत उपाध्यक्ष,सचिव राजेंद्र सोनिया,सह सचिव पंकज पाल,कोषाध्यक्ष भगवान सिंह राजपूत नियुक्त किए गए। अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति आगामी समय में की जाएगी।

# पचमढ़ी में एक बार फिर बंदरों का आतंक

### कुरान पढ रही बुजुर्ग महिला पर बंदरो ने किया हमला

### महिला गंभीर रूप से घायल



**पिपरिया/पचमढी।** हिल स्टेशन पचमढी में बंदरो का आतंक चरम पर है। बुधवार को अपने घर में कुरान पढ रही 75 वर्षीय शमीम बेगम के ऊपर बंदरो ने हमला कर घायल कर दिया। बुर्जग महिला के पैर में बंदरो ने इस कदर हमला किया कि उनके पैंर से चमडी अलग हो गई। वही बंदरो ने बच्चो के ऊपर भी हमला कर उन्हे घायल कर दिया। घायलो उपचार के लिए पचमढी अस्पताल ले जाया गया। वही देखा जाए तो पचमढ़ी मध्य प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन जहां पर लाखों पर्यटक भ्रमण के लिए आते हैं टूरिज्म को सरकार से लाखों का फायदा होता है। पचमढ़ी के बंदरों के कारण पचमढ़ी में पर्यटकों की कमी हुई है। क्योंकि बंदर आए दिन पर्यटकों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बाजार के बंदरों को पकड़ने की जिम्मेदारी कैंटोनमेंट छावनी परिषद की है पर छावनी परिषद इस और कुछ ध्यान नहीं देता। आखिर कब तक बंदरों से बुजुर्ग महिलाएं बच्चे पर्यटक परेशान रहेंगे। बुजुर्ग महिला कुरान पढ़ रही थी रोजे से थी। अब उस महिला को इंफेक्शन से बचने के लिए गोली भी खाना पड़ रही है और पानी भी पीना पड़ रहा है। जिससे वह रमजान के पवित्र माह में रोजा नही रख पा रही है। आखिर कब जागेगी सरकार कब जागंगे कैंटोनमेंट अधिकारी। अभी कुछ ही समय पूर्व जबलपुर निवासी पर्यटक को बंदर ने व्यू प्वाइंट धूपगढ़ पर अपना निशाना बनाया था जिस पर महिला को गैंग्रीन होने के कारण अपना हाथ कटवाना पड़ा था। वन विभाग छावनी क्षेत्र विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण अपने-अपने नियमों का हवाला देते हैं। वन अधिकारियों द्वारा कहा गया हमें वन्य प्राणी संरक्षण का कार्य करना होता है रहवासी क्षेत्र में इसकी जवाबदारी विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं छावनी क्षेत्र की होती है छावनी एवं विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा प्रतिवर्ष लाखों रुपए का बजट बंदर पकड़ने के लिए खर्च किया जाता है परंतु क्या कारण है की पचमढ़ी के निवासी बंदर एवं आवारा कुत्तों से निजात नहीं पा रहे । यह प्रशासन और कोई बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है एवं वन विभाग के नए नियमों के अनुसार लाल मुंह के बंदर के द्वारा काटने पर वन विभाग की ओर से कोई भी मुआवजा नहीं दिया जाएगा। जबकि इसके पूर्व इस एक्ट में पीड़ित को मुआवजा देने का प्रावधान था पचमढ़ी के शुभ चिंतकों के द्वारा कई बार ऑनलाइन ऑफलाइन इस विषय पर आवेदन दिए जा चुके हैं परंतु वन विभाग एवं प्रशासनिक आमले की कान में जू तक नहीं रेंग रही।

## समिति के सदस्यों को बैठक में नहीं किया आमंत्रित

**मैहर।** मां शारदादेवी मंदिर प्रबंध समिति की बैठक समिति कार्यालय में 12 मार्च बुधवार को आयोजित की गई। किन्तु शासन द्वारा मनोनीत किए गए अशासकीय सदस्य तारकेश्वर तिवारी एवं सचिन मिश्रा को बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया। और इन दो सदस्यों की गैर मौजूदगी में ही बैठक कर ली गई। जबकि संभागीय कमिश्नर रीवा द्वारा दिनांक 31 जनवरी 2025 को दिए आदेश में मैहर कलेक्टर एवं अध्यक्ष मां शारदादेवी मंदिर प्रबंध समिति को निर्देशित किया था कि समिति की बैठक में सम्मानित सदस्यों को अवश्य बुलाया जाए। किन्तु मंदिर समिति प्रबंधन द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की फिर अवहेलना की गई।

# कंडक्टर ही निकला ट्रक मालिक का हत्यारा

### कैमोर में ट्रक के केबिन में मिली थी रक्तरंजित लाश

**कटनी।** कैमोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पाठक ट्रक पार्किंग यार्ड में खड़े ट्रक के केबिन के अंदर ट्रक मालिक की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने ट्रक के कंडक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। कंडक्टर ने ही मामूली विवाद को लेकर ट्रक मालिक की हत्या कर दी थी। पुलिस ने कंडक्टर के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज किया है। ट्रक कंडक्टर की शिकायत के आधार पर पुलिस इस घटना को हादसा मानकर मामले की जांच कर रही थी, लेकिन जांच के दौरान जो तथ्य सामने आए और शॉर्ट पीएम रिपोर्ट मिली, उसके बाद पुलिस ने कंडक्टर से सख्ती से पूछताछ की तो मामले का खुलासा हो गया। गौरतलब है कि 10 मार्च की सुबह कैमोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पाठक ट्रक पार्किंग यार्ड में ग्राम पथरिया दमोह निवासी 32 वर्षीय काऊ उर्फ प्रदीप जैन पिता सुशील जैन की लाश शव उसके ही ट्रक क्रमांक एमपी 15 जेडडी 9209 के केबिन में संदिग्ध अवस्था में मिली थी। घटना के बाद ट्रक कंडक्टर पथरिया निवासी प्रहलाद उर्फ पिल्लू पटेल ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि उसका ट्रक मालिक सुबह शौच के लिए उठा था। इस दौरान गिरकर घायल हो गया। बाद में ट्रक के केबिन में आकर जब वह सो गया तो उसकी मौत हो गई। लाश मिलने के बाद पुलिस हरकत में आई और घटनास्थल का जायजा लेने के बाद पुलिस जांच शुरू की। पुलिस ने मृतक का शव परीक्षण कराया और रिपोर्ट सामने आने के बाद जब यह बात सामने आई कि किसी भारी वस्तु से उसके सिर पर हमला करके उसकी हत्या की गई है, तो पुलिस ने तत्काल झूठी कहानी सुनाने वाले कंडक्टर पिल्लू को हिरासत में ले लिया। कंडक्टर ने पूछताछ में बताया कि 10 मार्च की सुबह 4 बजे उसने ट्रक मालिक प्रदीप जैन से पानी मांगा था लेकिन उसने पानी नहीं दिया। इस बात से आक्रोशित होकर उसने ट्रक मालिक को एक तमाचा जड़ दिया। जिसके बाद दोनों के बीच गाली-गलौज होने लगी। आवेश में आकर ट्रक के केबिन में रखे टाई लीवर को उठाकर उसने प्रदीप के सिर पर जोरदार प्रहार कर दिया, जिससे प्रदीप वहीं चित हो गया और सुबह उसकी मौत हो गई। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी क्लीनर के खिलाफ धारा 103(1) 212 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# प्रदेश को सर्वांगीण विकास की ओर ले जाने वाले बजटः संजय पाठक



**कटनी।** मप्र में एक बार पुनः सभी वर्गों पर फोकस रखते हुए सर्व समावेशी, सर्व स्पर्शी बजट पेश हुआ है जिसमें गरीब,युवा,अन्नदाता एवं नारी सशक्तिकरण की संकल्पना को बल दिया गया है बजट आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश के स्वप्न को साकार करने की सशक्त आधारशिला है। बजट में कटनी जिले सहित मेरी विजयराघवगढ़ विधानसभा की कई सड़कों के निर्माण को बजटीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। प्रदेशवासियों को अभूतपूर्व सौगातें प्रदान करते हुए प्रदेश को सर्वांगीण विकास की ओर ले जाने वाले बजट पेश करने के लिए मा.मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा जी को बधाई देते हुए हार्दिक अभिनंदन करता हूं।

### सड़कों के लिए मिला करोड़ों का बजट

मप्र विधानसभा में आज पेश हुए बजट में विजयराघवगढ़ विधानसभा में एक करोड़ पचास लाख से ग्राम टिकरिया से सिंघवारा होते देवराकलां देवसरी इंदौर पहुंच मार्ग निर्माण, दो करोड़ पचपन लाख से ग्राम नन्हवाराकलां से गौरहा मार्ग, एक करोड़ साठ लाख से ग्राम कलहरा से मुख्य मार्ग का पुनः निर्माण को स्वीकृति प्राप्त हुई है।

# होली के मद्देनजर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तैनात

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर 13 मार्च को होलिका दहन, 14 मार्च को होली धुरेड़ी और 15 मार्च को भाई दूज के त्योहार के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखनें के उद्धेश्य से कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की डयूटी लगाई गई है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी इस संबंध के आदेश के तहत संपूर्ण व्यवस्था का प्रभारी एस.डी.एम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा को बनाया गया है। जबकि तहसीलदार कटनी शहर बी.के. मिश्रा, तहसीलदार कटनी ग्रामीण अजीत तिवारी, नायब तहसीलदार पहाड़ी अतुलेश सिंह और अतिरिक्त तहसीलदार कटनी को अपने अपने तहसील क्षेत्र के तहत कार्य संपादन हेतु 13 से 15 मार्च तक त्योहार के मद्देनजर डयूटी लगाई गई है।

इसी आदेश में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजयराघवगढ़, बहोरीबंद और ढीमरखेड़ा को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अनुविभाग और तहसील क्षेत्र अंतर्गत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की डयूटी लगाना सुनिश्चित करें।

# होली के बाजार सज गए, हथोड़ा बेलन वाली पिचकारी की धूम



**पिपरिया।** नगर में होली के उत्सव के साथ बाजार भी सजने लगे हैं अभी होली पर्व को कुछ ही दिन बचे हैं इस वर्ष पिचकारियों की नई रेंज में हथोड़ा,तलवार,बेलन,हैंड ग्रेनेड के मॉडल की पिचकारी के रूप में बाजार में मौजूद है। जो बच्चों को लुभा रही हैं इस वर्ष पिपरिया के बाजार में हथौड़े वाली पिचकारी और बेलन वाली पिचकारी बच्चों को लुभा रही है। दुकानदार धर्मेन्द्र मेघवानी ने बताया कि हथौड़े वाली पिचकारी बच्चे खूब पसंद कर रहे हैं इसके अलावा बेलन सहित अन्य पिचकारी भी बच्चों को लुभा रही है। वहीं बाजार में हर्बल रंग की इस वर्ष मांग बहुत है जिसको लेकर हर्बल रंग की काफी वैरायटी अपनी दुकानों पर सजा कर रखी हैं।

### किन्नर समुदाय भी होली पर्व नाच गा कर मना रहे है

किन्नर समुदाय भी नगर में नाच गाकर होली का पर्व मना रहा है। किन्नर समुदाय बाजार सहित मोहल्ले में घूम कर नाच गा कर होली की बधाई देकर होली का पर्व मना रहा है।

### होली मनाने के कुछ बड़े कारण जानिए सेहत और पर्यावरण के लिए है कितना फायदेमंद

प्राचीन काल में इस मौसम में फूलों के रंगों से खेला जाता था। डॉक्टर्स भी मानते रहे हैं कि फूलों के रंग का शरीर और मन मस्तिष्क पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे जीवन में ऊर्जा आती है। हर साल होली का त्योहार ऐसे मौसम में आता है जब न तो कड़ाके की सर्दी होती है और न ही गर्मी की तपिश पूरे देश में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही होता है। इस मौसम में फाग गाने की परंपरा है। फाग हमेशा ऊंचे स्वर में गाया जाता है। सर्दी में आमतौर पर लोगों को आलस्य होता है। ये मौसम लोगों के आलस्य को दूर करता है।

## देश भंडार स्वीट्स से खाद्य पदार्थ के लिए गए नमूने

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत शिकायत प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा मंगलवार 11 मार्च को ग्राम सिघनपुरी स्थित महक इंटरप्राइजेज की औचक जांच की गई। जांच के दौरान उक्त प्लांट में पैड ड्रिंकिंग वाटर बॉटल एवं पाउच का निर्माण, पैकिंग करना पाए जाने पर मौके पर नेचर ड्यू ब्रांड पैकेज ड्रिंकिंग वाटर बॉटल एवं पाउच के नमूने लिए गए है। मौके पर लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर अधिनियम की धारा 32 के तहत नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जा रही है।


## कार्यालय नगर पालिका पिपरिया जिला नर्मदापुरम् ( म.प्र. )

mail id-cmopipariya@mpurban.gov.in, Ph.No.07576-222041

क्रमांक/न.पा./सेनीटेशन /2025/1067 पिपरिया,दिनांक -06/03/2025

GEM Portal - के माध्यम से निविदा आमंत्रण सूचना-

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित है कि कार्यालय नगरपालिका पिपरिया के सेनीटेशन विभाग में केंद्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से अधोलिखित विवरण अनुसार निम्नानुसार सामग्री क्रय की जानी है इस हेतू GEM Portal पर प्रचलित दर प्रतिशत के आधार पर (कम/अधिक) की निविदाए आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | सामग्री/कार्यो का विवरण | मात्रा | सामग्री सप्लाई/कार्य समयावधि | प्रा.राशि | धरोहर राशि | बिड नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | WHITE PHEYNL | 18000 LTR | 60 Days | 32 lakh. | 32000/- | GEM/2025/B/6021173 |
| 2 | BLACK PHEYNL | 18000 LTR | | | | |
| 3 | TOILET CLEANER ACID | 8000 LTR | | | | |
| 4 | MALERIA OIL | 4000 LTR | | | | |
| 5 | CRESOLIC POWDER | 18000 KG | 60 Days | 23 lakh. | 23000/- | GEM/2025/B/6021544 |
| 6 | PHENOLIC POWDER | 18000 KG | | | | |
| 7 | BLEACHINGPOWDER | 10000 KG | | | | |
| 8 | LED Luminaire for Road and Street Lights | 70 | 60 Days | 10 lakh. | 10000/- | GEM/2025/B/6026833 |

// समय तालिका //

| क्रमांक | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | निविदा दर प्रस्तुत करने की प्रारंभ तिथी | 04/03/2025 10.30 AM |
| 2. | निविदा दर लिए जाने की अंतिम तिथी | 19/03/2025 05.00 PM |
| 3. | निविदा दर खोलने की तिथी | 19/03/2025 05.30 PM |
| 4. | निविदा दर खोले जाने की तिथी | Will be provided later |

भारत सरकार की बेबसाईट https://gem.gov.in पर देखी जा सकती है.किसी भी प्रकार का संशोधन केवल ऑनलाईन बेबसाईट पर प्रदर्शित किया जावेगा.समाचार पत्र मेंकोई संशोधन प्रकाशित नही किया जावेगा।

शर्तें-अन्य आवश्यक जानकारी एवं शर्त नगरपालिका परिषद पिपरिया के सेनीटेशन शाखा में देखी/पढी जा सकती है।

(रवि प्रकाश नायक)
मु.न.पा. अधिकारी
न.पा.पिपरिया



## कार्यालय नगर पालिका निगम कटनी (म.प्र.)

क्रं./3583/पी.एम.ए.वाय/2024-25 कटनी, दिनांक: 05/03/2025

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नांकित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणालीके तहत पंजीकृत फर्मो से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। समस्त शर्ते व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता में किसी भी कार्यालयीनकार्य दिवस में अथवा https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| कं | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समायावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_407369_1 | प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत ए.एच.पी. घटक के द्वितीय चरण प्रेमनगर खिरहनी में निर्माणाधीन ई.डब्यू.एस. आवासो हेतु बाह्य विद्युतीकरण कार्य | 90 दिवस रू. 353.39 लाख | रू. 15,000/- रू. 1,76,700/- | 20/03/25 |

नोटः निविदा से संबंधित समस्त संशोधन सिर्फ ऑललाइन अपलोड किये जावेगे, समाचार पत्रों में नहीं।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते आयुक्त
नगर पालिका निगम कटनी



## कार्यालय मॉ शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति मैहर, जिला मैहर (म.प्र.)

E-mail: maihar.mspsmaihar@gmail.com Mandir samiti GST Number- 23AAALM692CIZH

क्रमांक/1160/2025 मैहर, दिनांक: 09/03/2025

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मॉ शादा देवी जी घंटाघर स्थित दुकान क्रमांक-3 रिक्त करायी जाकर मंदिर समिति द्वारा अपने कब्जे में ले ली गयी है जो वर्तमान में रिक्त है, उक्त दुकान संचालन हेतु किराये पर आवंटित किया जाना है।

इच्छुक निविदाकार दिनांक 27/03/2025 को 03 बजे तक निविदा फार्म प्राप्त कर दिनांक 27/03/2025 को 04 बजे तक मुहरबंद निविदा प्रस्तुत कर सकते है। निविदा की शर्ते एवं जानकारी कार्यालयीन समय पर कार्यालय मॉ शारदा देवी मंदिर समिति से प्राप्त/देखी जा सकती हैं।

प्रशासक
मॉ शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति
मैहर जिला मैहर ( म.प्र. )

# ब्रीफ न्यूज

## संसद में उठा माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि के भ्रष्टाचार का मुद्दा

### पूर्व कुलपति कुठियाला पर 2.65 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के भ्रष्टाचार का मामला राज्यसभा में उठा। राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने विवि के पूर्व कुलपति वृजकिशोर कुठियाला पर 2.65 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। दिग्विजय ने कहा कि जब कुठियाला के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकद्मा दर्ज हुआ तो वे वहां भागे। इसके बाद उन्हें हरियाणा स्टेट स्टेट हायर एजूकेशन काउंसिल का चेयरमैन बना दिया गया। उल्लेखनीय है कि वृजकिशोर कुठियाला के खिलाफ ईओडब्ल्यू में पिछले 7 साल से जांच चल रही है। उनके खिलाफ विवि के फंड का दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। नियुक्तियों के फर्जीवाड़े की भी शिकायत हुई थी।

## कायस्थ समाज का होली मिलन 15 मार्च को

### रंग बरसे कार्यक्रम में फूलों और गुलाल से होली खेलेंगे समाजजन

**भोपाल।** भोपाल में कायस्थ समाज की प्रमुख संस्था कायस्थम आगामी 15 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन करने जा रही है। कायस्थम के महासचिव अभय श्रीवास्तव और सचिव डॉ. रश्मि सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम का नाम रंग बरसे रखा गया है। यह भोपाल हाट बाजार के पीछे 9 मसाला के उद्यान में शाम 4 बजे से 7 बजे तक चलेगा।

इस अवसर पर कायस्थम के सदस्य और अन्य चित्रांश बंधु एक-दूसरे को गुलाल लगाएंगे और फूलों की होली खेलेंगे। कार्यक्रम में होली के मधुर गीतों की प्रस्तुति भी होगी। आयोजकों ने सभी चित्रांश बंधुओं को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया है।

## कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की बैठक 16 मार्च को

### सीएम कार्यालय की वादाखिलाफी से नाराज, आंदोलन की रणनीति तय करेंगे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा आंदोलन की अगली रणनीति तैयार करने जा रहा है। मोर्चा 16 मार्च को महत्वपूर्ण बैठक करेगा। यह बैठक पहले 12 मार्च को होनी थी। लेकिन अपरिहार्य कारणों से टल गई।

मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एमपी द्विवेदी ने कहा कि आंदोलन का निर्णय पक्का है। रविवार की बैठक में आंदोलन की रणनीति को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक 4 चरणों का आंदोलन हो चुका है। मोर्चा के पदाधिकारी मुख्यमंत्री कार्यालय से नाराज हैं। 16 फरवरी को महारैली के दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय ने चर्चा का प्रस्ताव दिया था। मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने का वादा भी किया गया था। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की बैठक 16 मार्च को

सीएम कार्यालय की वादाखिलाफी से नाराज, आंदोलन की रणनीति तय करेंगे

भोपाल। मध्य प्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा आंदोलन की अगली रणनीति तैयार करने जा रहा है। मोर्चा 16 मार्च को महत्वपूर्ण बैठक करेगा। यह बैठक पहले 12 मार्च को होनी थी। लेकिन अपरिहार्य कारणों से टल गई।

मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एमपी द्विवेदी ने कहा कि आंदोलन का निर्णय पक्का है। रविवार की बैठक में आंदोलन की रणनीति को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक 4 चरणों का आंदोलन हो चुका है। मोर्चा के पदाधिकारी मुख्यमंत्री कार्यालय से नाराज हैं। 16 फरवरी को महारैली के दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय ने चर्चा का प्रस्ताव दिया था। मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने का वादा भी किया गया था। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

कायस्थ समाज का होली मिलन 15 मार्च को

रंग बरसे कार्यक्रम में फूलों और गुलाल से होली खेलेंगे समाजजन

भोपाल। भोपाल में कायस्थ समाज की प्रमुख संस्था कायस्थम आगामी 15 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन करने जा रही है। कायस्थम के महासचिव अभय श्रीवास्तव और सचिव डॉ. रश्मि सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम का नाम रंग बरसे रखा गया है। यह भोपाल हाट बाजार के पीछे 9 मसाला के उद्यान में शाम 4 बजे से 7 बजे तक चलेगा।



भोपाल। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी। इस अवसर पर आईएएस अधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# नौकरी में आने के बाद बड़े शहरों में जमी रहती हैं महिला अफसर

## दूरदराज एवं आदिवासी जिलों में महिला अफसरों की भारी कमी

**भोपाल।** मप्र में फर्स्ट क्लास महिला अफसर राज्य के पांच बड़े शहर भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में ही चिपकी रहना चाहती हैं। इसमें भी महिला अधिकारियों की पहली पसंद राजधानी भोपाल की अपेक्षा इंदौर है। इन बड़े जिले (शहर) की अपेक्षा छोटे जिलों में महिला अधिकारियों की संख्या अपेक्षाकृत बेहद कम है। खासकर प्रदेश के सुदूर और जनजातीय बाहुल्य जिलों में महिला अधिकारियों की संख्या चिंतनीय है। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा विधानसभा में पेश किए गए 'प्रशासनिक क्षेत्र में नियोजन' में यह जानकारी सामने आई है।

'प्रशासनिक क्षेत्र में नियोजन' के अनुसार 1 मार्च 2024 की स्थिति में राजधानी में प्रथम श्रेणी के अधिकारियों की संख्या 1484 है। जिनमें 538 महिला अधिकारी हैं। जबकि इंदौर में 596 पुरूषों की अपेक्षा 435 महिला अधिकारी पदस्थ हैं। इसी तरह जबलपुर में कुल 528 में से 217, ग्वालियर में 277 में से 101, उज्जैन में 244 में से 117 महिला अधिकारी पदस्थ हैं। इसी तरह दूसरे जिले सागर में 228 में से 94, रीवा में 218 में से 76 महिला अधिकारी पदस्थ हैं। दूरदराज के जिले डिंडौरी में 10, हरदा में 6, अलीराजपुर, शाजापुर में 7, नीमच में 6, अनूपपुर में 8, सिंगरौली में 5, आगर में 7, मऊगंज में 8, पांढुर्ना में 7, निवाड़ी में 1 महिला अधिकारी पदस्थ हैं। इतना ही नहीं भोपाल, इंदौर के आसपास के शहर में साहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, विदिशा, देवास में भी महिला अधिकारी दूरदराज के जिलों की अपेक्षा ज्यादा हैं।

### भोपाल में जगह नहीं तो पास के जिलों में जमीं

महिला अधिकारियों की कोशिश भोपाल, इंदौर में पदस्थ होने की रहती है, लेकिन यदि इन शहरों में पदस्थापना नहीं मिल पाती है तो फिर पास के जिलों में पदस्थ रहना चाहती हैं। भोपाल के पास के जिलों में अन्य जिलों की अपेक्षा ज्यादा अधिकारी हैं।

### बड़े जिलों में महिला अफसर ज्यादा

| जिला | पुरूष | महिला |
|---|---|---|
| भोपाल | 946 | 538 |
| इंदौर | 596 | 435 |
| उज्जैन | 244 | 117 |
| जबलपुर | 311 | 217 |
| ग्वालियर | 277 | 101 |
| निवाड़ी | 14 | 1 |
| सिंगरौली | 45 | 5 |
| अलीराजपुर | 18 | 5 |
| हरदा | 33 | 6 |
| मैहर | 12 | 8 |
| मऊगंज | 6 | 2 |
| पांढुर्ना | 5 | 2 |
| अनूपपुर | 38 | 8 |
| नीमच | 29 | 6 |

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार भोपाल, इंदौर से सटे जिलों में पदस्थ ज्यादातर महिला अधिकारी जिला मुख्यालय पर नहीं रहकर भोपाल, इंदौर में रहती हैं।

# रेलवे बोर्ड ने रोकी पश्चिम मध्य रेलवे की 100 से ज्यादा परीक्षाएं

### मार्च में हुई परीक्षाओं के परिणाम भी अभी नहीं आएंगे

**भोपाल।** रेलवे बोर्ड ने पश्चिम मध्य रेलवे जोन और उसके तीनों मंडलों- जबलपुर, भोपाल और कोटा में अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक होने वाली सभी विभागीय परीक्षाओं को रोक दिया है। इससे करीब 100 से ज्यादा आगामी परीक्षाओं और इनमें भरे जाने वाले लगभग एक हजार से ज्यादा पदों पर असर पड़ेगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, मार्च में हुई विभागीय परीक्षाओं के परिणाम पर भी रोक लगा दी गई है। कोटा मंडल में हुईं विभागीय परीक्षाओं की सीबीआई जांच में गड़बड़ी सामने आने के बाद रेलवे बोर्ड ने यह निर्णय लिया है।

पश्चिम मध्य रेलवे जोन के तीनों मंडल में अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के बीच हुई परीक्षाएं भी सवालों के घेरे में आ गई हैं। इंजीनियरिंग, वेलफेयर इंस्पेक्टर, विजिलेंस इंस्पेक्टर और विधि सलाहकार समेत कई पदों के लिए परीक्षाएं हुई थीं।

# महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने विधानसभा में दी जानकारी

## लाडली बहना योजना में 35 महिलाएं अपात्र

**भोपाल।** महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने विधानसभा में जानकारी दी की मप्र में लाडली बहना योजना में सिर्फ 35 महिलाओं को अपात्र किया गया है। कांग्रेस विधायक के सवाल पर उन्होंने बताया कि वहीं अब तक 3 लाख से अधिक महिलाओं के नाम काटे गए है। फिलहाल 3000 रुपये तक राशि बढ़ाने को लेकर कोई प्रस्ताव नहीं है। हरदा के टिमरनी से कांग्रेस विधायक अभिजीत शाह ने लाडली बहना योजना को लेकर विधानसभा में सवाल लगाया। जिस पर सरकार ने जवाब दिया है।

लाडली बहना योजना में सिर्फ 35 महिलाओं को अपात्र किया गया है। वहीं तीन लाख 19 हजार 991 महिलाओं के नाम काटे गए है। इन सभी महिलाओं को 60 वर्ष की आयु पूर्व होने के कारण अपात्र घोषित किया गया है। योजना के शुरू होने के बाद से कुल 15 हजार 735 महिलाओं की मृत्यु हो चुकी है। वहीं नवंबर 2023 के बाद एक भी महिला का नाम नहीं जोड़ा गया है।

### अभी नहीं बढ़ेगी राशि, नए नाम जोड़ने पर भी विचार नहीं

महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने विधानसभा में दिए जवाब में कहा यह सतत प्रकृति की योजना नहीं है। तथा लाड़ली बहना का हित लाभ उनका मौलिक अधिकार नहीं है। लाड़ली बहना योजना में नई हितग्राहियों को जोड़ने की कोई समय सीमा फिलहाल नहीं हैं। आदेश के नए पंजीयन के लिए किसी समय सीमा का उल्लेख नहीं था। तथा वर्तमान में नवीन आवेदन प्रारंभ करने का कोई प्रस्ताव विचार अधीन नहीं है। योजना में न कोई कटौती की जाएगी न योजन बंद की जाएगी। कोई भी योजना पूरे कार्यकाल के लिए होती है। संकल्प पत्र पूरे पांच साल के लिए होता है। समय समय पर बढ़ाते रहेंगे।

### 15 हजार से ज्यादा लाड़ली बहनों की मौत

विधानसभा में कांग्रेस विधायक अभिजीत शाह के सवाल के जवाब में सामने आया कि जून 2023 से फरवरी 2025 तक मात्र 35 महिलाओं को लाडली बहना योजना से अपात्र किया गया है। जौरा विधायक पंकज उपाध्याय के सवाल के जवाब में बताया गया कि 15748 लाड़ली बहनों की अब तक मौतें हो चुकी हैं। 60 साल की उम्र पार होने के चलते 3 लाख 19 हजार 911 महिलाएं लाड़ली बहना योजना से बाहर की गई हैं। सितंबर 2023 से फरवरी 2025 तक 21 से 35 साल की लाडली बहनों की संख्या 59 लाख 12 हजार से घटकर 58 लाख 87 हजार हो गई है। 36 से 50 वर्ष की लाडली बहनों की संख्या 53 लाख 75 हजार से घटकर 53लाख 43 हजार रह गई है।

### हर छह महीने में होना था कार्य दक्षता मूल्यांकन

प्रताप ग्रेवाल के सवाल के उत्तर में बताया गया कि इस योजना के आदेश में उल्लेखित लाडली बहन योजना के कार्य की दक्षता मूल्यांकन की कार्यवाही प्रचलित है। जबकि योजना के आदेश के मुताबिक 6 महीने में योजना का मूल्यांकन किया जाना था। लेकिन, 18 महीने बाद भी नहीं किया गया है।

# मुख्य सूचना आयुक्त पर 40 हजार का जुर्माना

## हाई कोर्ट ने ने कहा सीआईसी ने सरकार के एजेंट के रूप में काम किया, हाई कोर्ट ने आरटीआइ में निःशुल्क सूचना देने के दिए निर्देश

**भोपाल।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सूचना का अधिकार (आरटीआइ) से संबंधित अपनी तरह के पहले प्रकरण मेंराज्य के मुख्य सूचना आयुक्त के खिलाफ कड़ी टिप्पणी करते हुए उन पर गलत आदेश पारित करने के लिए 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने कहा, आदेश का सावधानीपूर्वक अध्ययन करने पर पता चलता है कि सीआइसी ने अपनी वैधानिक जिम्मेदारी का परित्याग कर दिया है और मामले के तथ्यों की सूक्ष्मता से जांच न करके सरकार के एजेंट के रूप में काम किया है।

जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने सीआइसी के विवादास्पद आदेश को निरस्त करते हुए याचिकाकर्ता को निश्चित अवधि में निशुल्क सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। भोपाल निवासी नीरज निगम ने सूचना आयुक्त के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें सूचना के प्रतिलिपि शुल्क के रूप में 2.12 लाख रुपए जमा कराए जाने के कहा गया था। उनकी ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखते हुए बताया कि निगम ने 2019 में पशुपालन विभाग के संचालनालय में पदस्थ एक कर्मचारी के बारे में सूचनाएं मांगी थी। सूचना देने के लिए निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद विभाग की ओर से उनसे प्रतिलिपि शुल्क की मांग की जबकि कानून के मुताबिक अवधि निकलने के बाद वह निशुल्क सूचना के हकदार थे। विभाग में प्रथम अपील अपील खारिज किए जाने के बाद उन्होंने सूचना आयोग का दरवाजा खटखटाया, लेकिन सुनवाई के बाद सीआइसी ने भी उनकी अपील को निरस्त कर 2.12 लाख रुपए शुल्क जमा कराए जाने के आदेश को बहाल रखा। अधिवक्ता दलील दी कि आयोग ने गलत तर्कों के आधार पर अपील खारिज की।

### पारदर्शिता को झटका लगा

हाई कोर्ट ने दस्तावेजों के अवलोकन और सुनवाई के बाद माना कि सूचना आयोग का निर्णय पूरी तरह अनुचित था और पारदर्शिता के सिद्धांतों के खिलाफ था। सूचना आयोग सरकार के हितों के रक्षा के लिए नहीं है, बल्कि उसे नागरिकों के सूचना के अधिकार को सुनिश्चित करना चाहिए।

# नर्सिंग छात्रों की छात्रवृत्ति और परीक्षा को लेकर प्रदर्शन

## एनएसयूआई ने कटोरा लेकर किया प्रदर्शन



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में नर्सिंग छात्रों की छात्रवृत्ति और परीक्षा में हो रही देरी के खिलाफ बुधवार को एनएसयूआई ने प्रदर्शन किया। पदाधिकारी-कार्यकर्ता हाथों में कटोरा लेकर विधानसभा की ओर निकले। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इससे नाराज वे सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार के नेतृत्व में हाथ में कटोरा लेकर प्रदर्शन किया गया। नर्सिंग छात्र-छात्राएं अपनी मांगों को लेकर विधानसभा तक कटोरा लेकर पैदल मार्च करने निकले थे, लेकिन पुलिस ने रेडक्रॉस अस्पताल के पास बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया। इसके विरोध में छात्र-छात्राओं ने वहीं सड़क पर बैठकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया।

पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे और नर्सिंग छात्रों की समस्याएं सुनीं। छात्रों ने उन्हें अपना मांग पत्र सौंपा। जिस पर उन्होंने सरकार से जल्द कार्रवाई की मांग की। सिंह ने कहा कि कांग्रेस नर्सिंग छात्रों के हक की इस लड़ाई में पूरी ताकत के साथ खड़ी है। सरकार की शिक्षा विरोधी नीतियों को हम सदन से सड़क तक उजागर करेंगे। विधायक सिंह ने कहा कि प्रदेश में नर्सिंग शिक्षा की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। 2019-20 सत्र के बीएससी नर्सिंग छात्रों की अंतिम वर्ष की परीक्षा नहीं हो पाना 2020-21 और 2021-22 सत्र के बीएससी, एमएससी और पोस्ट बीएससी नर्सिंग छात्रों की सेकेंड ईयर की परीक्षाएं लंबित हैं। कई छात्रों के प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम अब तक जारी नहीं किए गए हैं। देरी से परीक्षा परिणाम जारी होने के कारण छात्र मानसिक तनाव में हैं और उनका करियर अधर में लटका है। जिससे लाखों छात्रों का भविष्य खतरे में है।

### डिग्री और छात्रवृत्ति की भीख मांगी

एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष परमार ने कहा, पिछले चार वर्ष से नर्सिंग छात्रों की छात्रवृत्ति नहीं दी जा रही। जिससे उनकी पढ़ाई और भविष्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। सरकार छात्रवृत्ति देने में आनाकानी कर रही है। यह शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति सरकार की उदासीनता और गैर-जिम्मेदारी को दर्शाता है। नर्सिंग छात्रों ने कटोरा लेकर सरकार से छात्रवृत्ति और डिग्री की भीख मांगी।

# हिंदूवादी नेता की लापरवाही से टूटा था कांग्रेसियों का मंच

## जांच के बाद संस्कृति बचाओ मंच के प्रमुख पर एफआईआर

**भोपाल।** राजधानी में सोमवार को किसान कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता विधानसभा घेराव के लिए इकट्ठा हुए थे। प्रदर्शन के दौरान रंगमहल चौराहा पर बना मंच अचानक टूट गया, जिससे 10 से ज्यादा कांग्रेसी घायल हो गए। इस घटना के बाद टीटी नगर पुलिस ने जांच के बाद हिंदूवादी नेता और संस्कृति बचाओ मंच के प्रमुख चंद्रशेखर तिवारी पर एफआईआर दर्ज की है। चंद्रशेखर तिवारी पर आरोप है कि कार्यक्रम के लिए जो मंच तैयार किया गया था, वह उन्हीं ने बनवाया था। मंच निर्माण के लिए उनके टेंट हाउस से पूरा सामान आया था। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि मंच को जानबूझकर कमजोर बनाया गया, ताकि यह गिर जाए और हादसा हो। मंच टूटने की घटना को कांग्रेस ने आपराधिक षड्यंत्र बताया और चंद्रशेखर तिवारी पर एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम) के तहत कार्रवाई की मांग की।

### 10 से ज्यादा कांग्रेसी घायल हुए थे

मंच गिरने से मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान समेत 10 से ज्यादा कांग्रेसी घायल हुए हैं। कांग्रेस उपाध्यक्ष राजीव सिंह, प्रवक्ता रोशनी यादव सिद्धांता अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में हैं। पूर्व विधायक रवि जोशी और शैलेंद्र पटेल स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल के ऑपरेशन थिएटर में हैं।

फाल्गुन पूर्णिमा पर भद्रा का साया...

# होली दहन के लिए मिलेगा एक घंटे का समय

## होलिका दहन...आज रात्रि 11.28 बजे के बाद

**भोपाल।** होली पर्व पर भद्रा का साया होने से होलिका दहन का शुभ समय गुरूवार रात्रि 11.28 बजे से रात 12.32 बजे तक रहेगा। एक घंटा 4 मिनट के इस मुहूर्त में होलिका दहन करना शुभ रहेगा।

शहर में फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को गुरूवार को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक हालिका दहन की जोरदार तैयारियां की गई है। अगले दिन शुक्रवार को रंगोत्सव की धूम रहेगी। इसके लिए भी लोगों की तैयारी जोरों पर है। शहर में रंगोत्सव का बाजार सजकर तैयार हो गए हैं। लोगों में हर्बल रंग और गुलाल की मांग अधिक है। पंडित रामचंद्र शर्मा वैदिक ने बताया कि फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 13 मार्च सुबह लगभग 10.35 बजे से प्रारंभ होगी। इसका समापन 14 मार्च दोपहर 12.24 बजे तक होगा। कल दिन और रात में पूर्णिमा तिथि होने की वजह से होलिका दहन गुरूवार को किया जाएगा।

### पूर्णिमा शुरू होते ही लग जाएगी भद्रा

फाल्गुन पूर्णिमा प्रारंभ होने के साथ गुरूवार को भद्रा का साया भी प्रभावशील हो जाएगा, जो रात लगभग 11.26 बजे तक रहेगी। धार्मिक मान्यता के अनुसार भद्रा काल में होली का दहन नहीं किया जाता है। होलिका दहन के लिए रात लगभग 12.23 बजे तक शुभ मुहूर्त रहेगा। मान्यता है कि होलिका पूजन और दहन से परेशानियां दूर होती है और परिवार में सुख, शांति और समृद्धि की कामना पूरी होती है। दुसरे दिन होलीका के अंगारों पर गेहूं की नई फसल को सेंक कर प्रसाद ग्रहण किया जाता है।

### यह है होली का धार्मिक और पौराणिक महत्व

प्राचीन काल में हिरण्यकश्यप नाम का एक असुर राजा था। उसने घमंड में चूर होकर खुद के ईश्वर होने का दावा किया था। राज्य में ईश्वर के नाम लेने पर ही प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन हिरण्यकश्यप का पुत्र प्रहलाद ईश्वर भक्त था, वहीं हिरण्यकश्यप की बहन होलिका को आग में भस्म न होने का वरदान मिला हुआ था। हिरण्यकश्यप ने होलिका को आदेश दिया कि प्रहलाद को गोद में लेकर आग में बैठ जाए। आग में बैठने पर होलिका जल गई और प्रहलाद बच गया, तब से ही ईश्वर भक्त प्रह्लाद की याद में होलीका दहन किया जाने लगा।

स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए-2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित।
***स्थानीय संपादक: बालेन्द्र गुप्ता।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), **आर.एन.आई.नं. 58842/94**